●वर्ष : 16 ●अंक : 174 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 12 अक्टूबर 2024

# राहुल गांधी से छिनेगा नेता प्रतिपक्ष का पद?

## बीजेपी ने कर दिया ऐसा दावा कि मच सकता है सियासी तूफान



नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भाजपा ने एक ऐसा दावा किया जिससे राजनीतिक चर्चा गर्म हो सकती है। दरअसल, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज से इसको लेकर एक सवाल पूछा गया। पत्रकार का सवाल ये था कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का जो पद है, उसको रोटेशनल करने की बात चल रही है? इसके जवाब में बांसुरी स्वराज ने कहा कि हां बिल्कुल। मैंने यह भी सुना है कि विपक्ष के नेता का पद रोटेशनल करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का आंतरिक मामला है। भाजपा सांसद ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि राहुल गांधी समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं तो उन्हें इस तरह के फैसले पर आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो विपक्ष के नेता (एलओपी) के काम को संभालने में "सक्षम" हैं, लेकिन निर्णय लेना उन पर निर्भर है क्योंकि यह उनका "आंतरिक मामला" है। उन्होंने कहा कि हां, विपक्षी दलों में ऐसे कई नेता जरूर हैं जो नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाने में काफी सक्षम हैं। अगर भारतीय गठबंधन को लगता है कि राहुल गांधी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें ऐसा फैसला लेना चाहिए। हालांकि बीजेपी के दावे पर विपक्षी दलों की ओर से कोई बयान नहीं आया था, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि कम से कम 10 प्रतिशत सीटों के साथ विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के केवल एक सांसद को ही नेता प्रतिपक्ष के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। स्वराज ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे कहा, विपक्ष के दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने के लिए काफी सक्षम हैं। अगर इंडिया गठबंधन को यह लगता है कि राहुल गांधी पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना पद नहीं संभाल पा रहे हैं तो यह निर्णय उन्हें लेना है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कर पाएंगे प्रशांत किशोर?

पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान तमाम रैलियों का गवाह रहा है, लेकिन इस मैदान में आधी सदी के अंतर पर हुई दो रैलियों में कम से कम बिहार की अवाम एक समानता देख रही है। पांच जून 1974 को 72 साल के बुजुर्ग जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा देकर इंदिरा की सर्वशक्तिमान सत्ता को उखाड़ने की पूर्व पीठिका रच दी थी। इस बार इंदिरा की सत्ता उखाड़ने जैसा कोई लक्ष्य तो नहीं है, लेकिन गांधी जयंती के अगले दिन तीन अक्टूबर को 47 साल के प्रशांत किशोर से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के जरिए जनसुराज की बयार बिहार की धरती पर बहा पाएंगे या फिर बदलाव की राजनीति का दावा करने वाले दूसरे लोगों की तरह वे भी पारंपरिक राजनीति का ही हिस्सा बन जाएंगे? वैसे बिहार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्हें ठीक उसी तरह प्रशांत किशोर से उम्मीद नहीं है, जैसी नाउम्मीदी पारंपरिक दलों से है। बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाले गठबंधन में तमाम तरह की वैचारिकी वाले कई दल शामिल हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी तो है ही, वामपंथी दल भी हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की अगुआई में नीतीश कुमार का जनता दल यू, जीतनराम मांझी की हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी शामिल है। इस दो खेमे की राजनीति के बीच में यह सवाल उठना वाजिब है कि क्या प्रशांत किशोर इन दोनों गठबंधनों के बीच अपनी तीसरी राह बना पाएंगे ? बिहार की राजनीति का जब भी संदर्भ आता है, गर्व भाव से उसे याद किया जाता है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बिहार के बेटे ने कुंवर सिंह ने जहां देश को नई दिशा दिखाई, स्वाधीनता संग्राम में जयप्रकाश नारायण ने भी नौजवानों को उसी अंदाज में जगा दिया था। इन्हीं जयप्रकाश को दूसरी आजादी का नायक का भी सम्मान हासिल है। बिहार की राजनीति का जब भी बखान होता है, तब इन ऐतिहासिक चरित्रों के हवाले से यह दावा जरूर किया जाता है कि बिहार की राजनीति भविष्य की राजनीति को प्रभावित करती है। इसे उलटबांसी ही कहा जा सकता है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## उत्तराखंडः थराली में दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी

**उत्तराखंड।** के चमोली जिले में एक नाबालिगसे दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया थाने की ओर से थराली थाने को स्थानांतरित एक जीरो प्राथमिकी पर कार्रवाई करते हुए दिलबर खान को बुधवार को गिरफ्तार किया जो कि नाई की दुकान चलाता है। उन्होंने बताया कि पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि खान ने पहले उनकी बेटी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर डराने-धमकाने लगा। पंवार ने बताया कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बाद में उसे अदालत में पेश किया गया जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है तथा शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। इससे पहले, पिछले माह चमोली जिले की नंदानगर तहसील में नाई की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग लड़की को कथित तौर पर आपत्तिजनक इशारे करने का मामला सामने आया था। इसके बाद इलाके में कुछ दिन तनाव की स्थिति रही। मामले के दो समुदायों से संबंधित होने के कारण संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन को निषेधाज्ञा तक लागू करनी पड़ी थी।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**छत्तीसगढ़।** के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक इनामी नक्सली समेत चार नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की पहचान मिड़ियम भीमा (24), सोड़ी मुन्ना (29), मुचाकी देवा (29) और सुला मुचाकी (33) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि मिड़ियम नक्सलियों के प्लाटून नंबर चार का सदस्य है और उसके ऊपर दो लाख रुपये का इनाम घोषित है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले अत्याचार से तंग आकर और माओवादियों के आधारहीन विचारधारा से परेशान होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

## जब नारायणमूर्ति ने मंच पर छू लिए थे रतन टाटा के पैर

### सुनाया दरियादिली का एक दिलचस्प किस्सा

**मुंबई।** आईटी उद्योग के दिग्गज और इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने कहा कि अपने प्रिय मित्र रतन टाटा को खोना उनके लिए बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि टाटा मूल्य आधारित नेतृत्व के संदर्भ में उनके आदर्श थे। मूर्ति ने कहा कि जब भी मुझे नैतिक मुद्दों पर कुछ असमंजस, अस्पष्टता या भ्रम होता था, उस वक्त वह (टाटा) वास्तव में मेरे लिए एक नैतिक मार्गदर्शक होते थे। साल 2020 में एनआर नारायण मूर्ति की रतन टाटा के पैर छूते हुए एक तस्वीर वायरल हुई थी। यह भारतीय कॉरपोरेट जगत के सबसे यादगार और ऐतिहासिक पलों में से एक था। नारायण मूर्ति ने टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया था और



फिर उनका आशीर्वाद लेने के लिए वह उनके पैर छूने के लिए झुके। यह देश के दो सबसे सम्मानित उद्यमियों के बीच गहरे आपसी सम्मान का प्रतीक ई था। तब नारायण मूर्ति ने कहा था कि मैं ने बस इतना ही कह सकता हूं कि उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मूर्ति ने अपने शोक संदेश में कहा कि रतन जैसे प्रिय मित्र को खोना बहुत दुखद है। रतन मेरे लिए मूल्य-आधारित नेतृत्व के संदर्भ में मेरे आदर्श थे। टाटा (86) का मुंबई में वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं के चलते बुधवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। नारायण मूर्ति ने रतन टाटा के साथ बिताए एक यादगार लम्हे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2004 में इंफोसिस में जमशेदजी टाटा रूम का उद्घाटन करने के लिए रतन टाटा जी को आमंत्रित किया गया। इस निमंत्रण पर उनके रिएक्शन ने उनकी विनम्रता और शालीनता को दशार्या। दरअसल रतन टाटा हैरान थे कि क्योंकि जिस आईटी कंपनी (TCS) का उन्होंने नेतृत्व किया, वह इंफोसिस की प्रतिस्पर्धी कंपनी है। उन्होंने कहा कि देखो, मुझे यह कुछ हद तक असामान्य लगता है क्योंकि टीसीएस आपकी प्रतिस्पर्धी कंपनी है। मैंने कहा, नहीं, रतन, जमशेदजी सभी भारतीय कंपनियों से आगे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### नडाल का टेनिस से संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली,** 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने टेनिस को अलविदा कह दिया है। सर्वकालिक महान टेनिस खिलाड़ियों में शुमार रफेल नडाल ने कहा कि अगले महीने डेविस कप फाइनल के बाद वह टेनिस से संन्यास ले लेंगे। राफेल नडाल ने एक भावुक वीडियो के माध्यम से यह खबर साझा की है। इस दौरान स्पेनिश दिग्गज ने अपने करियर के दौरान समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है।

(विस्तृत खेल पेज पर)

### 25 से RSS की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 25 और 26 अक्टूबर को मथुरा के परखम गांव में करेगा। इसमें आरएसएस के सभी 46 प्रांतों के प्रमुख और उप प्रमुख के साथ ही कार्यकर्ता और प्रचारक शामिल होंगे। संघ प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। बैठक में मार्च, 2024 में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में तय की गई सालाना योजना की समीक्षा के साथ ही संघ के विस्तार का आकलन किया जाएगा।

### सेंट्रल जीएसटी के 2 अधिकारी हुए अरेस्ट

**अहमदाबाद,** गुजरात एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को अहमदाबाद में रिश्वतखोरी के आरोप में दो केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों और एक बिचौलिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारियों की पहचान ऑडिट सुपिरटेंडेंट रिजवान शेख, सीजीएसटी इंस्पेक्टर कुलदीप कुशवाह के रूप में हुई है। बिचौलिए का नाम भौमिक सोनी है। शेख ने हाल ही मेंएक बुलियन ट्रेडिंग फर्म के मालिक को जुलाई 2017 से मार्च 2023 तक के उनके खातों का ऑडिट करने के लिए नोटिस जारी किया था।

## किशोर कान्याल 9 महीने बाद फिर बने कलेक्टर

### कान्याल कलेक्टर श्योपुर, लोकेश जांगिड़ बने कलेक्टर निवाड़ी

**भोपाल, प्रसं।** राज्य शासन ने तीन आईएएस अफसरों की नई पदस्थापना की है। आदेशानुसार उप सचिव वन विभाग किशोर कुमार कन्याल को कलेक्टर श्योपुर पदस्थ किया गया है।

किशोर कन्याल को नौ महीने पहले ही कलेक्टर के पद से हटाया गया था। कलेक्टर शाजापुर रहते उन्होंने बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान एक ड्राइवर से कहा था कि तुम्हारी औकात क्या है? ड्राइवरों का प्रतिनिधिमंडल उनसे चर्चा करने पहुंचा था।



**ड्राइवर से 'औकात' पूछने पर 3 जनवरी को कलेक्टर शाजापुर के पद से हटाए गए थे किशोर कान्याल**

### तीन आईएएस बने सहायक कलेक्टर

राज्य शासन ने तीन आईएएस अफसरों को सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया है। 2021 बैच की आईएएस सौम्या आनंद को सहायक कलेक्टर शहडोल बनाया गया है। ऐसे ही अवर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्तिकेय जायसवाल को सहायक कलेक्टर बालाघाट और अवर सचिव वन विभाग विशाल धाकड़ को सहायक कलेक्टर धार पदस्थ किया गया है। कार्तिकेय व विशाल 2022 बैच के आईएएस हैं।

## मध्यप्रदेश देश में पहला राज्य, जहां घर बैठे होगी रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया

### सीएम ने किया ई-रजिस्ट्री और ई-पंजीयन की नई प्रणाली पर विकसित संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ, बोले- इस नवाचार को पूरा देश करेगा फॉलो

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया डिजिटल इंडिया मिशन अब कल्पवृक्ष की तरह आमजन की हर जरूरत पूरी कर रहा है। जीरो बैलेंस खाता, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और ई-रजिस्ट्री जैसे नवाचार ने सभी का जीवन सरल और सुगम बनाया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में नवीन तकनीक पर आधारित संपदा-2.0 का नवाचार ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन में डिजिटल क्रांति का माइलस्टोन बनेगा।

इस नवाचार को पूरा देश फॉलो करेगा। पहले प्रदेश में दस्तावेज पंजीयन और अन्य कार्यों के लिए कार्यालय आना पड़ता था, लेकिन पोर्टल और ऐप के माध्यम से सभी लोग घर से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में ई-रजिस्ट्री और ई-पंजीयन के नवीन प्रणाली पर विकसित संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने मप्र को 2 नए महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। इसमें 120 शहरों के जीआईएस कार्य को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आईटी विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में जीआईएस लैब स्थापित करने जा रहे हैं। इसका लाभ प्रदेश को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बहुत उन्नति कर रहा है। आईटी में नवाचार के साथ मप्र सरकार पेपरलेस सिस्टम की दिशा में कदम बढ़ाएगी।




### ई-पंजीयन कराने वालों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने ई-पंजीयन एवं ई-स्टांपिंग के नवीन साफ्टवेयर संपदा-2.0 का शुभारंभ कर इसका लाभ लेने वाले नागरिकों से वर्चुअल संवाद भी किया। हांगकांग से सुरेन्द्र सिंह चक्रावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि संपदा-2.0 के माध्यम से उन्होंने हाँगकांग से ही रतलाम में पॉवर ऑफ अटार्नी दस्तावेज का पंजीयन करवाया है। इसी प्रकार जबलपुर में जन्मी 78 वर्षीय बुजुर्ग डॉ. शक्ति मलिक जो वर्तमान में दिल्ली में निवासरत है, उन्होंने भी संपदा-2.0 के माध्यम पॉवर ऑफ अटार्नी दस्तावेज का पंजीयन ऑनलाइन करवाया। मुख्यमंत्री ने पंजीयन विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## जम्मू-कश्मीर के दूसरी बार सीएम बनेंगे उमर

### विधायक दल के नेता चुने गए अब्दुल्ला, आज दावा पेश करेंगे

● श्रीनगर



**13 या 14 अक्टूबर को लेंगे जम्मू-कश्मीर के सीएम पद की शपथ**

जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन के लिए गुरुवार 10 अक्टूबर को विधायक दल की बैठक हुई। मीटिंग में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुना गया। उमर जम्मू-कश्मीर के नए सीएम होंगे। इंडिया गठबंधन का 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात करेगा और सरकार गठन का दावा पेश करेगा। शपथ ग्रहण समारोह 13 या 14 अक्टूबर को होने की उम्मीद है। राज्य सरकार में कोई डिप्टी सीएम नहीं होगा। नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी कांग्रेस को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है।

कांग्रेस की ओर से डूरू सीट से विधायक जीए मीर या प्रदेश अध्यक्ष और सेंट्रल शाल्टेंग के विधायक तारिक हामिद कर्रा में किसी एक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल सकता है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की। गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा 42, कांग्रेस को 6 और सीपीआई(एम) को एक सीट मिली।

## इंसानी जानों को बचाने के लिए युद्धबंदी अति आवश्यक

# आगा मेहदवीपौर की वरिष्ठ पत्रकारों से एंव नई उम्मीद न्यूज एजेंसी से खास बातचीत

**सना खान की खास रिर्पाट**

**नई दिल्ली।** ईरान के इस्लामिक कल्चर सेंटर में वरिष्ठ पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई के भारत में प्रतिनिधि एवं उच्च धार्मिक नेता आघा मेहदी मेहदवीपौर ने कहा कि इस समय इंसानी जानों को बचाना और इंसानी आबादी को खंडर बनाने से रोकना सबसे जरूरी है उनका कहना था कि 48000 से अधिक पुरूष, महिलाएं एवं बच्चे गाजा एवं लेबनान में शहीद हो चुके हैं कई उच्च नेताओं को शहादत का जाम पीना पड़ा है एवं कई शहर विरान बन चुके हैं 1 वर्ष के बाद भी इसराइल के तथाकथित 1200 लोगों की हत्या के विरुद्ध कार्रवाई बंद होने का नाम नहीं ले रही है। मेहदवीपौर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एसेम्बली एवं सिक्योरिटी काउंसिल ने कई बार युद्ध बंदी के लिए प्रस्ताव पारित किया है जिस पर तुरंत पालन होना चाहिए इन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र पहले बार-बार यह प्रस्ताव भी पास कर चुका है कि मध्य पूर्व में शांति के स्थापना के लिए इसराइल एवं फिलिस्तीन की द्विराष्ट्र नीति पर अमल करना पड़ेगा। एक प्रश्न के उत्तर में आघा मेहदवीपौर ने यह भी कहा कि अगर युद्ध नहीं रुकता है तो तीसरे विश्व युद्ध के खतरे को नकारा नहीं जा सकता है और इसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से इसराइल होगा। वैसे उन्होंने समाचार एजेंसी नूना के एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि ईरान अरब देशों के साथ अन्य मुस्लिम एवं दीगर राष्ट्रों से संपर्क में है एवं सभी को मिलजुल कर युद्ध बंदी के लिए एक मत होना पर जोर दे रहा है ताकि इसराइल को युद्ध को समाप्त करने के लिए अपनी आक्रामक नीति से रोका जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में अग्रेजी, हिन्दी और उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे। आघा मेहदवीपौर ने उन्हें इसराइल फिलिस्तीन की समस्या के इतिहास को बताते हुए कहा कि पत्रकारों को सच को दुनिया के सामन लेकर अपना महान कर्तव्य निभाना चाहिए।



## दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को साहित्य का नोबेल

### मानव जीवन पर गहन काव्यात्मक गद्य के लिए इस सम्मान से नवाजा गया



**नई दिल्ली, आरएनएन।** साहित्य के क्षेत्र में 2024 के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के मुताबिक, इस साल यह सम्मान दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को दिया गया।

उन्हें उनके गहन काव्यात्मक गद्य के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। यह गद्य ऐतिहासिक आघातों और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है। बता दें कि बीते दिन रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया था। इस साल यह सम्मान तीन लोगों को दिया गया। इस अवॉर्ड का आधा हिस्सा डेविड बेकर को कम्प्यूटेशनल प्रोटीन डिजाइन के लिए दिया गया। इसके अलावा इसे संयुक्त रूप से डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जम्पर को प्रोटीन संरचना भविष्यवाणी के लिए दिया गया। इससे पहले मंगलवार को भौतिकी क्षेत्र के लिए अवॉर्ड का एलान किया गया था।

# लव कुश रामलीला मंच पर 180 फीट हाईट पर हवा में भयंकर लक्ष्मण मेघनाद युद्ध हुआ

## कुंभकरण को चिर निद्रा से जगाने के लिए डिजिटल साउण्ड की आवाज, हाथी की चिघाड़, शेर की दहाड़ का इस्तेमाल किया



**नई दिल्ली।** लालकिला मैदान में आयोजित ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया आज श्री पीयूष गोयल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, भारत सरकार ने लीला स्थल पर प्रभु श्री राम की लीला का अवलोकन किया तथा प्रभु श्री रामचन्द्र जी का तिलक कर वंदना की और आशीर्वाद लिया, इस अवसर पर सभी राम भक्तों को दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई दी। लीला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार आज गणेश वंदना से लीला का प्रारंभ हुआ, कुंभकरण वध, लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध, मेघनाद वध, सुलोचना का शीश मांगने हेतु रावण से आज्ञा मांगना, राम शिविर में सुलोचना का आना, पति का शीश लेकर जाना, विभीषण का उसे आत्म दाह के लिए रोकना, रावण द्वारा अहिरावण का आहवान पाताल लोक से अहिरावण का आगमन, राम-शिविर से अहिरावण द्वारा भेष बदलकर राम लक्ष्मण को पाताल लोक ले जाना, मकरध्वज हनुमान युद्ध, अहिरावण वध तक की लीला का मंचन हुआ। अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि दिल्ली के पूर्व मेयर जत्थेदार अवतार सिंह कद, वजन, बुंलद आवाज से जाने जाते है, आज लीलास्थल लालकिला मैदान पर कुंभकरण का दमदार अभिनय किया मैदान पर बैठे सभी रामभक्तों ने तालिया बजाई । डिजिटल साउंड की आवाज में 135 किलो के जत्थेदार अवतार सिंह कुंभकरण को चिर निद्रा से उठाने के लिए 8 ट्रेक साउण्ड, जमीन हिला देने वाली आवाज से, हाथी की चिघाड़, शेर की दहाड़, 101 मटके फोडे गये, तीर, भाले से भेदकर, ढोल, नगाडे के नाद से जगाया गया, खाने के लिए 101 किलो मिठाई, खाना, सैकड़ो लीटर पानी पिलाया गया। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यह भी जानकारी दी कि लीला स्थल लाल किला मैदान पर दशहरा पर्व के लिए 120-110-100 फीट हाईट के रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतलें लगाये गये है, पुतले बहुत ही आर्कषक है, जब रावण के पुतले पर तीर चलेगा तो नाभी से अमृत गिरेगा, आंखे मटकेंगी, आंखो से खून के आंसु टपेंगे, हाथ में तलवारें घुमती नजर आयेंगी, गले की मालाएं रंग- बिरंगी अलग अलग रंगों में नजर आयेंगी, मुंह से हे राम, हे राम का उदघोष करते हुए पुतले का दहन होगा। वही लीला स्थल पर रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले के अलावा चौथा पुतला भी लगाया गया है महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ, पिछले दिनों कोलकता में डाक्टरों की हड़ताल की वजह से हजारों लोगों को इलाज से वंचित होना पड़ा, सरकार से आग्रह है कि कड़े कानून बनाये जाये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए। महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अत्याचारियों के पुतले का दहन होगा। लीला पश्चात कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल, चेयरमैन पवन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यभूषण जैन, सौरव गुप्ता, संदीप भूटानी, कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल, लीला मंत्री प्रवीण सिंहल, राजेश वर्मा, गौरव सुरी, राजकुमार गुप्ता, वीरू सिंघी, लोकेश बंसल आदि सभी पदाधिकारियों ने आये हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया और प्रभु श्रीराम की आरती एवं चरण वंदना के साथ लीला सम्पन्न हुई ।

# मध्य प्रदेश में 1,800 करोड़ की ड्रग्स बरामदगी का आरोपी उपमुख्यमंत्री का चहेता- पटवारी

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का इस्तीफा लें पीएम मोदी

**›› पीएम मोदी ने दो करोड़ रोजगार तो नहीं दिए, लेकिन हर वर्ष दो करोड़ नशा करने वाले बना दिए**



**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर** कांग्रेस ने बढ़ते नशे के मुद्दे पर केंद्र समेत मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में करोड़ों की ड्रग्स बरामदगी के आरोपी से मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के नजदीकी संबंधों का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव से तुंरत उपमुख्यमंत्री का इस्तीफा लेने की मांग की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता अभय दुबे भी मौजूद थे। जीतू पटवारी ने कहा कि सिर्फ मध्य प्रदेश नहीं, बल्कि आज पूरा देश उड़ता भारत यानी नशे की लत से ग्रस्त युवाओं का देश बनने की दिशा में बढ़ रहा है। देश में कोई भी राज्य नशे की गिरफ्त से अछूता नहीं है। मोदी सरकार ने संसद में एक रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें बताया गया था कि देश में करीब 40 करोड़ लोग नशा करते हैं और ये संख्या हर साल करीब दो करोड़ दस लाख बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ रोजगार तो नहीं दिए, लेकिन हर वर्ष दो करोड़ नशा करने वाले बना दिए। भोपाल में पकड़ी गई 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग्स की फैक्ट्री के मुद्दे को उठाते हुए पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में नशे और उससे जुड़े माफिया को लेकर भयावह स्थिति है। कई राज्यों में ड्रग्स के तार भोपाल में पकड़े गए ड्रग्स रैकेट से जुड़े हैं। ड्रग्स की फैक्ट्री चलाने वाले आरोपी के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ संबंध सार्वजनिक हैं। इससे साफ है कि आरोपी बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा अपराध नहीं कर सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री मोहन यादव इस तरह की घटनाओं पर चुप हैं। सरकार और पुलिस प्रशासन को भनक भी नहीं लगी। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री तुंरत उपमुख्यमंत्री का इस्तीफा लें। पटवारी ने भाजपा नेताओं की वीडियो क्लिप दिखाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कह चुके हैं कि प्रदेश में गली गली में नशा बिकता है। इसके बाद मऊगंज से भाजपा विधायक शराब माफिया और गुंडों से परेशान होकर पुलिस के सामने साष्टांग लेटने को मजबूर हो गए। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय विश्नोई ने इसे अपने एक्स पर शेयर किया और लिखा है कि पूरी सरकार ही शराब ठेकेदारों के आगे दंडवत है। जब भाजपा नेता ही इस तरह की बातें कर रहे हैं तो फिर इसके लिए किसी और प्रमाण की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा, भाजपा नेताओं के बच्चे भी नशा करते हैं, इसलिए वे भी इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश आज पूरी तरह से माफियाओं के चंगुल में है। प्रदेश में शराब माफिया, खनिज माफिया, रेत माफिया, प्रशासनिक माफिया समेत तमाम माफिया हावी हैं। मध्य प्रदेश में माफिया की सरकार है और हर तरफ उन्हीं का बोलबाला है। नशा माफिया ने हर वर्ग को अपनी चपेट में ले लिया है।

# विकास की ऊंचाइयों पर ले जाएंगे हलका नीलोखेड़ी को : भगवानदास कबीरपंथी



निसिंग के मेन बाजार में खुली जीप में लोगा का आभार व्यक्त करते नवनियुक्त विधायक भगवानदास कबीर पंथी व अन्य।

निसिंग अक्टूबर। निसिंग के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में नवनियुक्त हलका विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने पहुंच हलका की जनता का जीत पर आभार व्यक्त किया। बुधवार को नवनियुक्त हलका विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने मंदिर में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। उसके बाद हलका विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने भाजपा कार्यकताओं के साथ डीजे धुन पर नाचते हुए कार्यकताओं के साथ सैकड़ों कारों के साथ खुली जीप में सवार होकर निसिंग के मेनबाजार में हलका नीलोखेड़ी से भारी जीत पर लोगों का आभार व्यक्त किया। विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने कहा कि हलका नीलोखेड़ी की जनता ने इस ऐतिहासिक जीत पर मुहर लगाई है और ये लोगों का प्यार व आशीर्वाद है,जो उन्होंने मेरे पर विश्वास कर एक बार फिर से जनसेवक बनने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि मैं जनता का जनसेवक के रूप में कार्य करते हुए हलका नीलोखेड़ी को विकास की नई ऊंचाइयों पर लेजाने का काम करूंगा। हलका व प्रदेश की जनता ने ऐसा संदेश दिया है कि मोदी सरकार की जो नीतियां हैं उसे जनता ने स्वीकार किया है। इस मौके पर भाजपा नेता जनक पोपली, सरपंच सुरेश गुल्लरपुर , सरपंच अंग्रेज कुचपुरा, नगरपार्षद लब्बू जांगड़ा, सुरेंद्र बत्तान, मंडल अध्यक्ष महिपाल राणा, बब्बू शर्मा निसिंग,कृष्ण सैन, पार्षद सतीश गोयल, पार्वतीश शर्मा, चंद्रमोहन शर्मा, सुशील सिंगला, मंदिर कमेटी प्रधान लाला रोशन लाल गोयल, राजेंद्र भांबड़ी, पूर्व सरपंच बलविंद्र राणा, समाजसेवी रणसिंह चौहान गोंदर, गणेश गोयल, राजू अत्री व जोनी राणा गुनियाणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# रजनी व वंशिका पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल



होनहार छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

करनाल, अक्तूबर : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबकौली कलां में आज समग्र शिक्षा हरियाणा के निदेर्शानुसार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के तत्वावधान में ऊर्जा का संरक्षण और पर्यावरण का अनुरक्षण विषय पर पैंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पांचवीं से दसवीं कक्षा तक के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ग्रुप ए (5वीं से 7वीं) में प्रथम स्थान पांचवीं की रजनी ने, कक्षा आठवीं की वंशिका ने ग्रुप बी (8वीं से 10वीं) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विज्ञान अध्यापिका अंशुल शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई।

विद्यालय प्राचार्य डॉ वेद प्रकाश ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संरक्षण पर सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी के साथ-साथ भविष्य में ऊर्जा संरक्षण की जरूरत को भी बताया। इस अवसर पर कला अध्यापक पवन कुमार, अंग्रेजी प्राध्यापक सुशील कुमार, राजनीतिक शास्त्र की प्राध्यापिका सरिता, ए बी आर सी सविता विशेष तौर पर मौजूद रहीं।

# रतन टाटाजी के दिवंगत होने पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए इसे देश के लिये क्षति बताया।



**नई दिल्ली, दि. 10 अक्टूबर,2024:-** राष्ट्रीय कॉग्रेस के विचार विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ.जया शुक्ला ने स्व. श्री रतन टाटाजी के दिवंगत होने पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए इसे देश के लिये क्षति बताया। डॉ.शुक्ला ने कहा कि श्री टाटा अपनी ईमानदारी, मानवता, सम्वेदना और व्यापारमें सिद्धांतपूर्ण व्यवहार के लिये जाने जाते थे। अडानी-अंबानी जैसे व्यापारियों के कालखन्ड में ऐसे उद्योगपतियों की आवश्यकता है। डॉ.शुक्ला ने बताया कि श्री रतन टाटा को यह गुण उनकी पीढ़ियोंकी विरासत से मिले थे। श्री जमशेदजी टाटा ने मुम्बईके एक ब्रिटिश होटल पर लिखे भारतीयों और कुत्तों का प्रवेश वर्जितह्न का बदला लेने को वहीं उससे बड़ा ताज होटल बनाया और देशके सम्मान की रक्षाकी, यद्यपि उनका व्यापारक्षेत्र दूसरा था। तबसे हर पीढ़ी उवके आदर्शों का पालन करती आई। कई समाज कल्याणके कार्य चलते रहे। टाटा के उत्पाद इतनी ईमानदारी और गुणवत्ता से बने होते थे कि उन्हें विज्ञापनकी आवश्यकता नहीं थी, नामही काफी खा। डॉ. शुक्ला ने कहा कि अपने कर्मचारियों की सुविधा और रिटायरमेंट के बादकी सहूलियतों तक का बहुत ध्यान टाटा ग्रुप रखता रहा, इसीसे, वहाँ श्रमिक आंदोलन नहींथे, जबकि अन्य उद्योगों में आन्दोलन होते रहते थे।आजकी डूबती अर्थव्यवस्था की स्थिति में ऐसे उद्योगपतियोंकी कितनी आवश्यकता है, यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

- जया शुक्ला

# पत्रकार अजीत सिंह ने लिखी डी-लिस्टिंग पर पुस्तक, प्रकाशन के साथ ही बिकी हजारों प्रति



**नई दिल्ली।** देश भर में डी-लिस्टिंग की मांग को लेकर जनजाति समाज लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। संताल परगना के जनसांख्यिकी परिवर्तन एवं आदिवासियों की कम होती संख्या को लेकर भाजपा लगातार सवाल खड़ी कर रही है। इस बीच जाने-माने पत्रकार अजीत कुमार सिंह की डी-लिस्टिंग पुस्तक की चर्चा जोरों पर हैं। अजीत ने जनजातियों के अधिकारों की रक्षा, धर्मांतरण एवं उससे जुड़े सवालों के उत्तर पर केंद्रीत अपने पुस्तक में कई संवैधानिक चचाओं को शामिल किया है। उनकी यह पुस्तक प्रकाशन के साथ ही लोकप्रिय हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक पुस्तक के प्रकाशित हुए महज सप्ताह भर बीते हैं और सात हजार से अधिक प्रति बिक चुकी है। पुस्तक का प्रकाशन जनजाति सुरक्षा मंच, भोपाल द्वारा किया गया है, जिसका लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने 22 सिंतबर को हरियाणा में आयोजित वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय बैठक में किया। बैठक में देश भर के विभिन्न जनजातीय समुदाय के 3000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल थे। बता दें कि पत्रकार अजीत मूलतः झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी बाबाधाम देवघर जिले के सारठ प्रखंड स्थित बामनगामा गांव के रहने वाले हैं। अजीत लंबे समय से राजधानी दिल्ली में पत्रकारिता कर रहे हैं। उनके द्वारा लिखित पुस्तक की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रकाशन के कुछ दिनों के अंदर ही सात हजार से अधिक प्रति बिक चुकी है, खासकर जनजातीय क्षेत्र में इस पुस्तक का डिमांड ज्यादा है। पुस्तक में जनजातियों के अधिकारों, मिल रहे आरक्षणों, संवैधानिक विमर्शों, डी-लिस्टिंग के जुड़े प्रश्नों आदि के जवाबों सहित समाज की संस्कृति-परंपरा, डी-लिस्टिंग की आवश्यकता, वन अधिकार कानून, 1967 में संसद में प्रस्तुत किए गए संसदीय समिति की रिपोर्ट, ब्रिटिशकालीन जनगणना आयुक्तों के वक्तव्य इत्यादि को संकलित किया गया है। लेखक ने जनजातीय समाज के दर्द को न केवल समझा बल्कि उसे जनमानस के बीच लाने के लिए पुस्तक लिख डाली।

# सुनार की दूकान का शटर तोडकर सेंध लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## दो किलो चांदी के आभूषण व अन्य सोने के आभूषण बरामद



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

करनाल, अक्तूबर। गांव नरूखेड़ी में सुनार की दूकान का शटर तोडकर चोरी की वारदात का अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो किलो चांदी के आभूषण व अन्य सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। एंटी बर्गलरी स्टाफ करनाल पुलिस की टीम द्वारा थाना सदर में दर्ज मुकदमा में जिला जेल करनाल में बंद दो आरोपियों देवदास उर्फ सोहना उर्फ मिड्डा और बलवान उर्फ बिट्टू निवासी नरूखेड़ी करनाल को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एंटी बर्गलरी टीम के इन्चार्ज स.उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि उक्त मामले में पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 02 किलोग्राम चांदी के आभूषण व दो सोने की अंगुठीयां, एक सोने की चेन, दो नाक के कोके व दो नाक की नथनी और वारदात में प्रयोग की गई दो मोटरसाईकिल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपने दो अन्य साथीयों के संबंध में भी खुलासा किया गया, जिन्हें भी बहुत जल्द गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। दोनों आरोपीयों की रिमांड अवधी समाप्त होने पर उन्हें पुनः अदालत के सामने पेशकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बागवानी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और छात्र हुए सम्मानित



कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा जानकारी देते हुए।

करनाल, अक्तूबर : महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में सतत विकास के लिए बागवानी सहित जलवायु स्मार्ट कृषि विषय पर आयोजित हुए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एमएचयू के 2 वैज्ञानिकों को श्रेष्ठ अनुसंधान पत्र पुरस्कार कीट वैज्ञानिक डॉ. गौरव को को प्रथम ओर फल वैज्ञानिक के डा. विजय को सेंकेड पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एमएचयू के दो विद्यार्थियों को भी पुरस्कार मिला हैं। इनमें उद्यान महाविद्यालय एमएचयू के दो छात्रों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इनमें एमएचयू के पीएचडी प्रथम ईयर के छात्र विकास सगवाल ओर सुमित कुमार को श्रेष्ठ अनुसंधान पत्र में सैंकेड पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता छात्रों ने कहा कि पोस्टर प्रैजेंटेशन में अपने कामों जैसे रिसर्च ओर अन्य गतिविधियों को प्रस्तुति पर बनाकर उसे अच्छी तरह से किया जाता हैं। कुलपति डॉ सुरेश ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में होना अपने आप में बहुत बड़ी बात हैं। विश्वविद्यालय में देश विदेश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक आए थे ओर विश्व की सबसे बड़ी समस्या जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए चिंतन मंथन किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में एमएचयू के दो वैज्ञानिकों ओर दो विद्यार्थियों को बेस्ट अनुसंधान में पुरस्कार हासिल किए। जो हमारे के लिए गर्व की बात हैं।

# मंडियों में अब तक 43 हजार 895 मीट्रिक टन धान की आवक : उपायुक्त

करनाल, अक्तूबर। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 43 हजार 895 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। एजेंसियों को खरीदी गई धान का उठान में तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक 43 हजार 895 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिससे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। इसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 17 हजार 89 मीट्रिक टन धान, हैफेड द्वारा 19 हजार 890 मीट्रिक टन ,हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा 6 हजार 916 मीट्रिक टन धान खरीदा गया।

# एडीसी ने किया इंद्री अनाज मंडी का दौरा, धान खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा



इंद्री अनाज मंडी का दौरा करने पहुंचे अतिरिक्त उपायुक्त।

इन्द्री, अक्तूबर। अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने इंद्री अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद प्रक्रिया से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्वयं धान की ढेरियों पर जाकर नमी को चैक किया और बकायदा मशीन के माध्यम से नमी को जांचने का काम भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल खरीद का कार्य अनाज मंडी में सुचारू रूप से संबंधित एजेंसियों द्वारा तेजी से किया जाए है। इस सीजन में धान की फसल को खरीदने के साथ-साथ उठान कार्य पर भी अधिकारियों को पूरा फोकस रखने के सख्त आदेश दिए है। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे मण्डियों से खरीदे गए धान को जल्द उठाने की व्यवस्था करें ताकि किसान सुविधा पूर्ण तरीके से अपनी फसल बेच सके और मंडी में जाम की स्थिति न बने। अतिरिक्त उपायुक्त ने दौरे के दौरान आढ़तियों और किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार को समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपने धान की फसल को साफ सुथरा व मापदण्डों के अनुसार सुखाकर ही मण्डियों में लाएं, ताकि किसानों को फसल का सही समय पर उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने मार्किट कमेटी के अधिकारियों को भी आदेश दिए कि वे मण्डियों में बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वयं अनाज मंडी में आई धान की नमी की जांच भी की और किसानों से अपील की कि वे अपनी धान की फसल को सुखाकर ही लाए।

उन्होंने कहा किसानों को उनकी फसल खरीद में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने मंडी अधिकारियों से कहा कि किसान मंडी में अपनी फसल को सही समय पर और उचित दरों पर बेच सकें इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाए, ताकि किसानों को फसल का सही समय पर तथा उचित मूल्य मिल सके।

# चुनाव लडने.वाले उम्मीदवारों को एक महीने के भीतर जमा करना होगा अपना चुनावी खर्च का ब्यौरा

करनाल, अक्तूबर : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव- 2024 चुनाव लडने. वाले उम्मीदवारों को अगले एक महीने में चुनावी खर्चा का ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव के परिणाम 8 अक्तूबर को घोषित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार तय समयावधि में चुनावी खर्च का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को भविष्य में चुनाव लडने. के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार विधानसभा आम चुनाव के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये प्रति उम्मीदवार तय की गई थी। नियम के अनुसार उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र भरने के साथ ही चुनावी खर्च की गणना शुरू हो जाती है। इसके लिए उम्मीदवार को अलग से एक डायरी में अपने रोजाना के चुनावी खर्च का हिसाब रखना होता है और अलग से बैंक खाता भी खुलवाना होता है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक खर्च की गणना चलती है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार तय सीमा से ज्यादा पैसा नहीं खर्च कर सकता है। उन्होंने बताया कि 8 अक्तूबर, 2024 को हरियाणा विधानसभा आम चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं, उस तिथि से एक माह के अंदर-अंदर उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा देना अनिवार्य है।

# संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) को गैरकानूनी संगठन किया गया घोषित

करनाल, अक्तूबर। करनाल पुलिस के जिला सुरक्षा प्रभारी उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी हरियाणा सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। उन्होंने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के अनुसार संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) को अधिनियम की धारा 3 की धारा (1) और (3) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) को पांच साल की और अवधि के लिए बढ़ाते हुए गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच साल की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाने की अधिसूचना 9 जुलाई 2024 को भारत के राजपत्र असाधारण, भाग- दो के खंड 3 (2) में संख्या एसओ 2660 (ई) 08 जुलाई 2024 के द्वारा प्रकाशित करवाया गया था। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की गतिविधियों में शामिल होने या उनका समर्थन करने से बचें।

# किलकारी व मोबाइल एकेडमी से हो रहा महिलाओं को बहुत लाभ : डॉ राजेश चौधरी



गांव निगदू में महिलाओं को जागरूक करते हुए।

नीलोखेड़ी अक्टूबर : गांव निगदू में सी एच सी के अंतर्गत आने वाली आशाओं से सरकार की सेवाएं किलकारी व मोबाइल एकेडमी को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे डा. राजेश चौधरी ने कहा कि सरकार की सेवा किलकारी व मोबाइल एकेडमी गर्भवती महिलाएं व दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही हैं। इसके लिए राज्य की तरफ से प्रशिक्षक काशी राम ने सभी आशाओं को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कर दिया है।अब ये अपने अपने क्षेत्र में बहुत अच्छे तरीके से कार्य कर रही है।इस अवसर पर डी एम ई ओ अजय गाबा व आशा जिला कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने कहा कि हमारी आशा वर्कर बहुत ही कर्मठ व निष्ठावान है। वे अपने कार्य को बड़ी ईमानदारी से पूरा करती है। अब जो ये किलकारी व मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम है इसमें भी अहम भूमिका निभा रही हैं। ताकि सरकार की सुविधा प्रत्येक महिला तक पहुंचे। इसके बाद टीम के सदस्य बीर बडालवा में आशा वर्कर निर्मल कौर के क्षेत्र में पहुंच कर दूध पिलाने वाली महिला हेम लता पत्नी दीपक से किलकारी कार्यक्रम के बारे में बातचीत की गई। इस अवसर पर हेमलता ने टीम के सवालों का जवाब बखूबी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशा फैशलिटेटर कविता, आशा वर्कर रंजू, पूनम, दर्शन, राकेश, बबली कृष्ण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा गर्ग, इंद्रा, पुष्पा, अनु, सविता सहायिका बिमला, नीरज शामिल रही।

# ब्याना स्कूल की टीम ने समूह नृत्य में पाया पहला स्थान

## मानसी द्वारा बनाई मूर्ति ने मन मोहा, बाल कलाकारों ने नृत्य, गायन, नाटक व मूर्ति कला से जमाए रंग



इंद्री स्थित संसाधन कार्यालय के सभागार में अधिकारियों व अध्यापकों के साथ खंड स्तरीय कला उत्सव में अध्यापकों के साथ क्ले मॉडलिंग में पहला स्थान पाने वाली मानसी।

इन्द्री, अक्तूबर। इन्द्री स्थित खंड संसाधन कार्यालय के सभागार में बीईओ डॉ. गुरनाम मंढ़ाण की देखरेख में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कला उत्सव में विभिन्न स्कूलों से आए बाल कलाकारों ने नृत्य, गायन, नाटक और मूर्ति कला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन बीआरपी डॉ. रविन्द्र शिल्पी ने किया और मंच संचालन हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने किया। संगीत प्राध्यापिका डॉ. योगिता शर्मा, सीमा, रंगमंच शिक्षिका सुनीता शर्मा व ललित कला विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उत्सव की समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ब्याना की टीम ने पहला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने दूसरा और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ीबीरबल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में इन्द्री स्थित लडकों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने पहला और पीएम श्री स्कूल गढ़ीबीरबल की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। नाटक में पीएम श्री स्कूल गढ़ीबीरबल की टीम ने पहला स्थान पाया। ब्याना के मॉडल संस्कृति विद्यालय की छात्रा मानसी शर्मा ने मूर्ति कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ संगीत शिक्षक संजीव कुमार, आशा व सीमा के गायन, राजेश कुमार के बांसुरी वादन, योगिता के लोक गायन ने रंग जमा दिया। कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र शिल्पी कार्यक्रम में शिरकत करने आए विद्यार्थियों व अध्यापकों का स्वागत करते हुए कहा कि कला उत्सव बाल कलाकारों के लिए उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से कला साधना करके अपनी कला को निखारें। उन्होंने शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खां सहित कलाकारों के उदाहरण देकर प्रेरित किया।

# श्री रामलीला आदर्श सेवा समिति ने सामाजिक कार्यों के लिए महाबीर मैहला को किया सम्मानित

नीलोखेड़ी, अक्टूबर। निगधु स्थित श्री रामलीला आदर्श सेवा समिति ने सोमवार रात्रि को रामलीला मंच पर समाज सेवी महाबीर मैहला को लगभग 25 साल से विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक बुराइयों को जागरूक करने की विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।यह सम्मान समिति के प्रधान सुरेंद्र कवात्रा उर्फ बाली,संयोजक जयदेव मास्टर व निदेशक दीपक शर्मा ने अपनी पूरी समिति के साथ दिया।इस अवसर पर नवयुग शिक्षा समिति के अध्यक्ष समाज सेवी महाबीर मैहला ने कहा कि 1998 से सामाजिक कार्यो की शुरूवात की।उसके बाद यह कारवां निरंतर चलता रहा।चाहे साक्षरता अभियान की बात हो,चाहे स्वच्छ भारत मिशन की बात हो या दो वर्ष से चल रहे एम डी डी ऑफ इंडिया एवम कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान व अन्य सामाजिक मुद्दे धार्मिक कार्य सभी में पूरी निष्ठा से भाग लेकर अपनी विशेष भूमिका निभाई।इसके लिए 2008-09 में बेस्ट यूथ अवार्ड से नेहरू युवा केंद्र करनाल द्वारा भी नवाजा गया। इन सम्मानों से उत्साह और प्रेरणा मिलती है।जिससे कार्य करने के लिए हौंसला बढ़ता है।

# आदर्श भारतीय राम लीला कमेटी द्वारा कराया जा रहा है रामलीला का भव्य आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर में रामलीला का मंचन कार्यक्रम बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम के चरीत्रों को दशार्या गया, बता ते चले कि नगर की रहरा रोड शिव मंदिर के पास चल रही भव्य रामलीला का आयोजन लगभग पिछले 200 वर्षों से होता आ रहा है, बता दे की आदर्श भारतीय रामलीला समिति शिव मंदिर रहरा रोड द्वारा प्रत्येक वर्ष श्री रामलीला का भव्य आयोजन कराया जाता है, इसी क्रम में इस वर्ष भी संरक्षक हरि सिंह सैनी के सानिध्य में तथा अध्यक्ष जयपाल सिंह के नेतृत्व में रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है, शुक्रवार को कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम के चरित्र को दशार्या गया तथा मेघनाथ, कुंभकरण आदि का युद्ध श्री राम एवं उनके सेना से होना दशार्या गया, इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष जयपाल सिंह ने बताया कि यह रामलीला लगभग पिछले 200 से भी अधिक वर्षों से होती आ रही है उन्होंने बताया कि कि रामलीला के आयोजन के लिए नगर की सभी जनता का पूर्ण सहयोग प्रत्येक वर्ष मिलता है और सभी के सहयोग से यह रामलीला आयोजित की जाती है उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र को हमें जीवन में उतरना चाहिए तथा उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए, इस मौके पर मुख्य रूप से कमेटी के संरक्षक हरि सिंह सैनी, वर्तमान अध्यक्ष जयपाल सिंह, महामंत्री दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष हरीश उर्फ हरिया, मंच संचालक सुरेश गौतम, कोषाध्यक्ष किशन प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, प्रेम किराना तथा कार्यकारी अध्यक्ष जगबीर मौर्य,अनुपम त्यागी, तथा सूरजपाल सिंह आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दि किसान सहकारी चीनी मिल के निदेशक पद सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए घोषित

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** हसनपुर शुक्रवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल की कार्यकारिणी चुनाव के लिए 11 पदों पर निदेशक निर्विरोध घोषित हो गये हैं। अब भाजपा के उपसभापति का भी चूना जाना लगभग तय हो गया है। दि किसान सहकारी चीनी मिल में निदेशक के 11 पद है। गुरुवार को निर्देशक का चुनाव लड़ने वाले 11 प्रत्याशियों ने पर्चों को खरीदा था। शुक्रवार को भाजपा समर्थित निदेशक पद के 11 प्रत्याशियों ने अपने पर्चों को दाखिल कर दिया। आरओ सलिल भारद्वाज ने बताया कि चीनी मिल में 11 निदेशकों के पद है और 11 ही प्रत्याशियों ने अपने पर्चों को दाखिल किया है। भाजपा हाई कमान द्वारा प्रत्येक समाज को निदेशक बनाकर तरजी दी गई है। भाजपाहाई कमान ने पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान को निर्देशक बनाने के साथ-साथ उपसभापति के लिए भी घोषित किया है। मिल के पूर्व उपसभापति लायक राम सिंह की पत्नी रामरती व भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह को निदेशक बनाया गया है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतेंद्र त्यागी को भी निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा सोपान पेसल, देवकी नंदन, धर्म सिंह, राजू, श्रीमती अंजू, रविता रानी, आनंद कुमार को निदेशक बनाया गया है। भाजपा के सामने विपक्षी पार्टियों ने अपना नामांकन करने की भी हिम्मत नहीं जुटाई। सपा बसपा कांग्रेस व भीम आर्मी का मजबूत संगठन होने के बावजूद भी भाजपा के सामने किसी ने नामांकन करने की भी हिम्मत नहीं दिखाई। भाजपा के 11 निर्देशक निर्विरोध होने के कारण पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह चौहान का उपसभापति चुना जाना लगभग तय हो गया है। इस अवसर पर शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, ब्लाक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, पूर्व पालिकाध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू गुर्जर आदि मौजूद थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा उधर चुनाव को संपन्न होता देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# गुरु गोरखनाथ का पूजन कर विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे गोरक्षपीठाधीश्वर



**गोरखपुर, 11 अक्टूबर।** विजयादशमी के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे तो सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे। सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। वास्तव में विजयदशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है। गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा इसलिए भी आकर्षक और अनूठी होती है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इसके स्वागत के लिए गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूरी पर घंटों पहले फूलमाला लेकर खड़े रहते हैं। गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन, शनिवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में होते हैं। पीठाधीश्वर, गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। रामलीला मैदान में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी होगा।

# महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारी जोरों पर 15 व 16 अक्टूबर को होंगे भव्य कार्यक्रम

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** नगर में महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारी जोरों पर चल रही है जिसके लिए समस्त तैयारी कर ली गई है, बता ते चले कि श्री श्री 1008 महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी का 5148 वा जयंती समारोह प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक रूप से मनाया जाएगा, नगर की समाजसेवी संस्था आग्रवाल सभा, महिला अग्रवाल सभा, युवा अग्रवाल सभा के सानिध्य में यह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इस संबंध में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि जयंती वर्ष कार्यक्रम समस्त अग्र बंधुओ के सहयोग से मनाया जाता है, जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है तथा 15 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे नगर की अग्रवाल धर्मशाला से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन होगा एवं उसके बाद ध्वजारोहण वह हवन तथा प्रसाद का वितरण होगा, वहीं महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने बताया कि दोपहर को अग्रवाल धर्मशाला में बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा उन्होंने बताया कि शाम के समय नगर के मैथिली गार्डन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा साथ ही सहभोज का कार्यक्रम भी आयोजित होगा उसके बच्चों को पारितोषिक वितरण भी किया जाएगा, इस संबंध में युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बताया कि




16 अक्टूबर को महाराजाधिराज अग्रसेन महाराज जी की भव्य शोभायात्रा नगर के द्वारा रहरा रोड से निकाली जाएगी जो मेंन बाजार होती हुई कोतवाली के निकट अग्रसेन द्वार पर जाकर संपन्न होगी, उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में इस बार झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

# सीएम योगी ने बेटियों के पांव पखार मातृ शक्ति की आराधना की



**गोरखपुर, 11 अक्टूबर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज मे शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। शुक्रवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू, विनय गौतम आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

# महानिशा पूजन कर सीएम योगी ने की लोकमंगल की प्रार्थना

**गोरखपुर, 10 अक्टूबर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार देर शाम शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि के मान में गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन किया। महानिशा पूजन अनुष्ठान से पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रों के बीच जगतजननी मां आदिशक्ति के अष्टम स्वरूप महागौरी माता की पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अष्टमी तिथि के मान में गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का विशिष्ट अनुष्ठान पूर्ण कर लोकमंगल की प्रार्थना की। गुरुवार पूर्वाह्न देवीपाटन शक्तिपीठ से गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। शुक्रवार पूर्वाह्न नवमी तिथि के मान में कन्या पूजन तथा शनिवार को दशमी तिथि पर श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन और गोरक्षपीठ से निकलने वाले परंपरागत विजयादशमी शोभायात्रा तक सीएम योगी गोरक्षभूमि पर शक्ति की भक्ति में रत रहेंगे। गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का अनुष्ठान गुरुवार देर शाम गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। दो घंटे से अधिक चले अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने गौरी गणेश पूजन, वरुण पूजन, पीठ पूजन, यंत्र पूजन, मां दुर्गा का विधिवत पूजन, भगवान राम-लक्ष्मण-सीता का षोडशोपचार पूजन, भगवान कृष्ण एवं गोमाता का पूजन, नवग्रह पूजन, विल्व पूजन,अधिष्ठात्री देवता पूजन, शस्त्र पूजन, द्वादश ज्योर्तिलिंग-अर्धनारीश्वर एवं शिव-शक्ति पूजन, वटुक भैरव, काल भैरव, त्रिशूल पर्वत पूजन किया। साथ ही हवन की वेदी पर ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र और अग्नि देवता का आह्वान कर पूजन किया और शक्तिपीठ में स्थापित वेदी पर उगे जौ के पौधों को काटकर आदिशक्ति मां दुर्गा से लोकमंगल की प्रार्थना की। महानिशा पूजा का अनुष्ठान गोरक्षपीठाधीश्वर द्वारा हवन करके पूर्ण किया गया। समस्त अनुष्ठान दुर्गा सप्तसती के पाठ एवं वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुआ। अंत में आरती एवं क्षमा याचना के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा समेत बड़ी संख्या में गोरखनाथ मंदिर के भक्त उपस्थित रहे।

### मां सिद्धिदात्री की आराधना कर कन्या पूजन करेंगे सीएम योगी

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में शुक्रवार पूर्वाह्न शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर कुंवारी कन्याओं के पांव पखारकर श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करेंगे। उन्हें भोजन कराएंगे और दक्षिणा, उपहार देंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा।

# मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के बड़े स्तर पर आवंटन का मार्ग होगा प्रशस्त



**लखनऊ, 11 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया को जल्द ही मूर्त रूप देने जा रही है। यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

**शुक्रवार से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया**

इस मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं, https://eauction.etender.sbi/SBI/ इस मेगा ई-नीलामी के लिए पोर्टल के तौर पर कार्य करेगा जिस पर लॉग इन करके पंजीकरण व अन्य विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# मुबारकपुर कला के सामुदायिक शौचालय में भारी गंदगी, वीआईपी मूवमेंट के समय भी नहीं हुई सफाई



**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को दी किसान सहकारी चीनी मिल में स्थित सामुदायिक शौचालय की हालत खस्ता नजर आई शौचालय में भारी गंदगी पसरी हुई थी, जिससे प्रधान वह की लापरवाही सामने आई, बता दे कि वीआईपी मूवमेंट के समय भी शौचालय के अंदर गंदगी पसरी हुई नजर आई, शुक्रवार को दी किसान सहकारी चीनी मिल में निदेशक के पदों का चुनाव था जिसको लेकर भारी संख्या में भाजपा एवं अन्य विधायक, चेयरमैन आदि सहित वीआईपी लोगों का जमावड़ा रहा लेकिन सामुदायिक शौचालय में पहुंचने पर सभी को गंदगी झेलनी पड़ी उधर जब हमारे संवाददाता ने शौचालय का निरीक्षण किया तो उन्होंने पाया कि दो शौचायलयों में ताला लगा हुआ है तथा एक मात्र शौचालय पर सब का जोर रहा और शौचालय में भारी गंदगी नजर आई बताते चलें कि सामुदायिक शौचालय के पास शिक्षा का मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भी है लेकिन प्रधान तथा कार्यवाही संस्था की लापरवाही से शौचालय की सफाई न होने से बीमारी फैलने का भी अंदेशा है, वही विभिन्न वरिष्ठ नेताओं के पहुंचने पर भी शौचालय की हालत न सुधारना प्रधान की लापरवाही को दशार्ता है जब इस संबंध में हमारे संवाददाता ने प्रधान मुबारकपुर कला गांव के प्रधान से वार्ता करनी चाहिए तो उन्होंने फोन पर बताया कि चुनाव के समय कि हमें जानकारी नहीं दी गई, लेकिन सवाल उठता है कि क्या कार्यक्रम के समय ही सफाई की जानी चाहिए जबकि शासन का आदेश है कि सभी सामुदायिक शौचालय के ताले खुले होने चाहिए तथा नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई होनी भी जरूरी है, अब देखना यह है कि इस संबंध में अधिकारी संबंधित लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई अमल में लाते हैं।

# नगर के मां चामुंडा मंदिर व यादव सराय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर हुआ भव्य आरती का आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर में दुर्गा अष्टमी एवं नवमी का पूजन किया गया, तथा घरों में बच्चों को कन्या लंगर के रूप में भोजन कराया गया, साथ ही नगर के प्राचीन मां चामुंडा मंदिर पर श्री बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया, उधर नगर के मोहल्ला यादव सराय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने परिवार सहित समाज के लोगों के साथ मिलकर माता रानी की महा आरती उतारी, बताते चलें कि दोनों ही स्थानो पर आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया, शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने बताया कि माता की आरती में समाज के सभी लोगों का भरपूर सहयोग रहता है उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्रों पर नवरात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन होता है तथा प्रत्येक नवरात्रि पर शाम की बेला में आरती का आयोजन होता है उन्होंने बताया कि इस वर्ष शारदय नवरात्रि के समापन पर माता महामाई की भव्य आरती आयोजित की गई, इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# गौशाला के बाहर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, समस्या के समाधान की मांग उठाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** शुक्रवार को हसनपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अस्थाई गौशाला जो ग्राम अलीपुर मिल्क के पास स्थित है जिसमें हाल ही में मृत हुए दो गोवंश पशुओं को गौशाला में ही दफना दिया गया जिससे गौशाला के आसपास बदबू फैल गई, ग्रामीणों ने शुक्रवार को गौशाला के बाहर प्रदर्शन किया और बताया कि गौशाला में रोजाना गोवंश की मौत हो रही है तथा उनके शवो को कर्मचारियों द्वारा ठीक प्रकार से ना दवाए जाने के कारण भारी बदबू फैल रही है जिससे गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं, ग्रामीणों की मांग है की मृत गौ वंश पशुओं को गहरा गड्ढा करके दबाया जाए या फिर अन्य स्थान पर दबाया जाए ताकि बदबू से निजात मिल सके, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह जिला अधिकारी से शिकायत करेंगे और प्रदर्शन भी कर सकते हैं, इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से श्री कृष्णा, श्री राम, प्रेमवती, सर्वेश, माया, पूजा, राजू, मूर्ति, उषा रानी, माया देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अंबाला

# हमें भगवान श्री राम से प्रेरणा लेकर माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए : विनोद शास्त्री

## – श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री राम कथा का किया जा रहा आयोजन

**करनाल, राजेश जिंदल**

**करनाल।** अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया है। श्री राम कथा के छटे दिन के प्रसंग में लक्ष्मण का सुग्रीव महल में जाकर क्रोध करना, सभी वानरों का सीता खोज में प्रसंग, संपति प्रसंग, जामवन्त द्वारा हनुमान का शक्ति गमन विभीषण मिलन, सीता खोज, अशोक वाटिका उजाड ?ा, लंका दहन, राम जी को सीता की चूड़ामणि दिखाना, राम जी द्वारा शिवजी पूजा, राम सेतु निर्माण, लंका जाना,



मेघनाद, कुंभकर्ण रावण मरण प्रसंग, विभीषण राज्याभिषेक कराना, अयोध्या लौटना व श्री राम जी का राज्याभिषेक करना सुंदर ढंग से सुनाया गया। श्री राम कथा के बाद विधि-विधान से आरती की गई। गुरुवार को पूजा के यजमान मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, रामकिशन, राजेश सिंघला, रामकरण गोयल, बृज बिहारी सिंघला, कृष्ण मित्तल, विनोद गोयल, अनिल गर्ग, सुनील गर्ग, महिन्द्र गुप्ता, विनोद गुप्ता व पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर आचार्य विनोद शास्त्री ने कहा कि श्री राम कथा का श्रवण करने से मन को शांति और सुख समृद्धि मिलती है। श्री राम कथा सुनकर हर व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्री राम कथा हमें सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है। हमें राम कथा से सीख लेकर अपने माता-पिता व गुरुजनों का

### आज होगा भंडारे का आयोजन

सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि विजयदशमी के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम मंदिर में 5 अक्तूबर से लेकर 11 अक्तूबर तक राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। शुक्रवार को को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। शहर के लोगों से अपील है कि मंदिर में पहुंचकर राम कथा का आनंद उठाएं और भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें। इस अवसर पर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, रामकिशन, राजेश सिंघला, रामकरण गोयल, कृष्ण मित्तल, विनोद गोयल, अनिल गर्ग, सुनील गर्ग, महिन्द्र गुप्ता, बृज बिहारी सिंघला, विनोद गुप्ता व पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## मेजर आर एन कपूर डीएवी स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



मंच पर मौजूद प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा व प्रतिभागी।

**अम्बाला छावनी :** मेजर आर एन कपूर डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चारों सदनों (एप्पल भास्कर इंसेंट रोहिणी) की तरफ से हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चारों सदनों की तरफ से मिडिल में सीनियर में एक-एक प्रतियोगी ने भाग लिया। मिडिल में विषय क्या परीक्षा प्रतिभा का सही मूल्यांकन है और सीनियर में इंटरनेट वरदान या अभिशाप से संबंधित है। इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों विषयों पर चर्चा की गई। मिडिल में साक्षी वर्मा प्रथम अंशिता और निकेश ने तृतीय या स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर में कंगन और अनन्या ने प्रथम जीविका द्वितीय तथा खुशप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जयदेव शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं विजेताओं को बधाई दी।

## धूमधाम से मनाया नवरात्रि और दशहरे का पर्व



कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी

**अम्बाला छावनी :** त्योहारों की खुशी बढ़ाने और उत्सव की भावना लाने के लिए जी.एम.एन. पब्लिक स्कूल में नवरात्रि और दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नवरात्रों के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। उत्सव की भावना को जीवित रखते हुए छात्रों ने दशहरे पर बहुत ही जानकारी पूर्ण और दिलचस्प भाषण भी दिए। छात्रों के द्वारा रामायण के दोहों का सुंदर अर्थ और संदेश भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने सुंदर कविताएं भी प्रस्तुत की। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु घई ने भगवान का आशीर्वाद मांगा और बच्चों से कहा कि हमेशा सत्य के मार्ग पर चले तभी आपकी जीत होगी। उन्होंने उन सभी छात्रों और शिक्षकों की भी सराहना की जिन्होंने इस आयोजन में अपना योगदान दिया। इस प्रकार इस उत्सव ने न केवल उनके ज्ञान को समृद्ध किया बल्कि इसे हमारे लिए भी यादगार बना दिया जो लंबे समय तक संजोए रहेंगे।

## पारंपरिक दिवसों की कड़ी में कार्यक्रम कर महान पुरुषों के गुणों एवं उपकारों से करवाया अवगत



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जानकारी देते

**अंबाला शहर:** देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला शहर में देव समाज में मनाए जाने वाले पारंपरिक दिवसों की कड़ी में 'स्वजाति के संबंध में' दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी जाति के विषय में बताया और अपनी जाति से संबंधित महान पुरुषों के गुणों एवं उपकारों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमें अपनी जाति से संबंधित महापुरुषों के गुणों का अनुकरण करना चाहिए। कॉलेज की प्राचार्य मुक्ता अरोड़ा ने छात्राओं को देव समाज के संस्थापक परम पूजनीय भगवान देवात्मा जी के जीवन एवं उपदेशों से अवगत करवाया और देव शास्त्र के भाग 4 में निर्धारित उपदेशों को बताते हुए कहा की भगवान देवात्मा जी ने संबंधों को यज्ञ कहा है। उन्होंने हमें जो ज्ञान दिया है उसके अनुसार कोई भी जाति छोटी या बड़ी नहीं होती, सभी जातियों में श्रेष्ठ एवं महान पुरुषों ने जन्म लिया है और जगत का उपकार किया है। हमें अपनी जाति एवं संबंधों को जानना चाहिए तथा उसके उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए । हमें अपनी जाति पर गर्व करने के साथ -साथ सभी जातियों का सम्मान करना चाहिए। किसी जाति से भेदभाव नहीं रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर शुभदा ठाकुर, प्रोफेसर अनुपम शर्मा, प्रोफेसर रूमन, प्रोफेसर भावना मौजूद रहे।

## नारायणगढ़ की रामलीला मंचन में रावण, विभीषण व अंगद के संवाद देखने लायक



मुख्यातिथि को सम्मानीत करती संस्थ व रामलीला मंचन में रावण-अंगद संवाद का दृश्य।।

**नारायणगढ़ :** श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा आयोजित श्री रामलीला मंचन के आठवें दिन विभिषण व अंगद संवाद का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि नगरपालिका की उपचेयरपर्सन आइना गुप्ता के प्रतिनिधी एवं भाजपा नेता आशीश गुप्ता, तोषार गुप्ता शिव कुमार अग्रवाल ने भगवान श्रीरामचन्द्र, लक्ष्मण की आरती उतारी और उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में मयार्दा का पालन करते हुए जीवन यापन करना चाहिए। श्री राम जी ने लंका पर चढ़ाई करने से पहले रावण को समझाने के लिए अंगद को दूत बना कर भेजा। जहा पर रावण दरबार में अंगद द्वारा पांव जमाना विभीषण व अंगद रावण के संवाद देखने लायक थे। राम का किरदार अरिष अग्रवाल लक्ष्मण का किरदार कार्तिक, सीता का किरदार हरीष, हनुमान का किरदार अरूण, सग्रीव का किरदार विंकल वर्मा, अंगद का किरदार अजय, जामवन्त का किरदार कृष, रावण का किरदार सोहन, मेघनाथ का किरदार चंदेश चोपड़ा, विभिषण का किरदार अशोक आर्य, प्रास्त का किरदार अशोक भक्त, कुम्भकरण का किरदार राहुल, ने बेखुबी से निभाया। संस्था के सदस्यो ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान प्रीतम गुलाटी, उपप्रधान रामेश्वर षर्मा, विनोद वर्मा, आर्दश गुप्ता, सचिव राजेश वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश खेरपा, कुलबीर कपूर, सोमनाथ शर्मा, मनुज कौशिक, हेमन्त कपूर, निर्देशक राजेश वालिया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने पर चौधरी जाकिर ने वक्फ बोर्ड मुख्यालय पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई



भाजपा सरकार बनने पर मिठाई बांटकर खुशी मानाते चौधरी जाकिर हुसैन।

**अम्बाला छावनी :** अंबाला स्थित वक्फ बोर्ड मुख्यालय व सरकारी आवास पर हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक व वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने हरियाणा में लगातार प्रचंड बहुमत से यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनने पर मिठाईयाँ बाँटकर खुशियाँ मनाई व एक-दूसरे को बधाई दी। जाकिर हुसैन ने कहा कि यह भाजपा के सभी कर्मठ, मेहनती कार्यकताओं की जीत है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यो और लाभकारी योजनाओं की बदौलत संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि कल चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने अपनी धर्मपत्नी नसीमा हुसैन के साथ नई दिल्ली में ऊर्जा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में उनके निवास पर मुलाकात कर उन्हें बधाई दी थी।

## परमपिता परमेश्वर के आर्शीवाद व नारायणगढ़ की जनता के सहयोग से चुनावों में विजय प्राप्त की : शैली चौधरी



उम्मीदवार कांग्रेस की शैली चौधरी, भाजपा के उम्मीदवार पवन सैनी, आप पार्टी के उम्मीदवार गुरपालसिह, बसपा के उम्मीदवार हरबिलास।

नारायणगढ़, अक्तूबर : विधानसभा नारायणगढ़ से भारी मतो से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस की विधायक शैली चौधरी ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हमारे परिवार पर नारायणगढ़ के लोगो की खास कृपा रही है। मेरे को दुसरी बार यहा से अच्छे मतों से विधायक बनाने पर मै दिल की गहरियों से धन्यवाद कती हूँ । नारायणगढ़ के विकास के लिये प्रयास जारी रहेगें और पहले भी विपक्ष की भूमिका निभाई है अबकि बार फिर से विपक्ष की भूमिका निभा कर नारायणगढ़ के विकास के लिये कुछ भी करना पड़े उसके लिये मुझे चाहे नवनियूक्त मुख्यमंत्री जी से मिलन पड़े वह भी कार्य करूगी। इस अवसर पर विरेन्द्र सोमा, गुरविन्द्र बेरखेडी, देशबन्दु जिन्दल, नरेन्द्र शर्मा, अमित वालिया, संदीप नखडौली, रविन्द्र बरोली, जितेन्द्र अब्दूला, डाक्टर सुरेश धीमान, नीरज शाहपुर, नीरज शाहपुर, नरेन्द्र शर्मा, मास्टर बृजमोहन, सोनु मानकपुर, चमनलाल पंजलासा, प्रवीण शर्मा, गुरचरण सिंह, सरपंच कुलदीप सिंह, राजेश, हेमन्त कपूर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधि संस्थान में स्वच्छता अभियान आयोजित

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट आफ लॉ में गुरुवार कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दृष्टिकोण को पूर्ण करते हुए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। छात्रों ने इंस्टीट्यूट के प्रांगण में सफाई की एवं वहाँ पर वृक्षारोपित पौधों में पानी दिया। प्रोफेसर सुशीला चौहान ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि उन्हें इस प्रकार के अवसरों पर सहयोग देना चाहिए। सभी छात्रों में अति उत्साह देखा गया। इंस्टीट्यूट के शिक्षकगणों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की निदेशक प्रो. सुशीला चौहान, उप-निदेशक डॉ रमेश सिरोही, संस्थान के अध्यापक डॉ शालू, डॉ पूनम, डॉ कृष्णा, डॉ मोनिका, डॉ सुमित, डॉ जतिन, डॉ सुरेंद्र एवं 50 छात्र मौजूद रहे।

## मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम





कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती अध्यापिका एवं उपस्थित छात्र

अंबाला शहर, अक्तूबर : मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। कक्षा 5 से 8 के छात्रों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन मल्टीमीडिया कक्ष में किया गया, जहां छात्रों को एक प्रेरणादायक वीडियो दिखाया गया। इस वीडियो में एक अंतमुर्खी लेकिन अत्यंत प्रतिभाशाली लड़की की कहानी को दशार्या गया, जिसे उसके बाह्य आवरण के कारण सहपाठी चिढ़ाते थे। यह वीडियो इस बात पर जोर देता है कि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले छोटे-छोटे कारक कितने महत्वपूर्ण हो सकते हैं। वीडियो के बाद, शिक्षकों ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें जीवन में सकारात्मक बने रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय सुदेश शर्मा और अंशु गुप्ता ने किया। उन्होंने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा दी और कहा कि जीवन में किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना आत्मविश्वास और धैर्य के साथ करना चाहिए। इस प्रकार, मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छात्रों को जागरूक किया और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील होने का संदेश दिया ।

## ईवीएम मशीनों की गड़बड़ी पर पार्टी हाइकमान चुनाव आयोग से जांच करवा कर दूध का दूध व पानी का पानी करने का काम करेगी : रामकिशन गुर्जर



अपने कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ।

नारायणगढ़, अक्तूबर : कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर नारायणगढ़ में पहुंचने पर जहां कार्यकर्ताओ से मिले। यहा उन्होने पत्रकार वार्ता करते हुए पुछा कि कांग्रेस हरियाणा में पुरी बहुमत से न आने पर क्या कारण रहे इस पर उन्होने कहा कि क्या कारण रहे इसपर समिक्षा की जायेगी। लेकिन पुरे हरियाणा से शिकायते आई है कि जो ईवीएम मशीने में जो गलत हुई है उनको लेकर हमारी हाईकमान पार्टी के नेता चुनाव आयोग को शिकायत दी है कि इनपर रोक लगा कर उनकी जांच कर दुध का दुध व पानी का पानी करने का काम करेगें। हुड्डा व शैलजा के विवाद की ऐसी कोई बात नही हैं दोनो ने मिलकर पार्टी का प्रचार किया है। उस समय राहुज जी और प्रिंयका जी भी साथ आये थे। अभी तो हमारे पार्टी के नेता इसपर समिक्षा करेगें कि कहा पर कमी रही है। यहा नारायणगढ़ से शैली चौधरी ने दुसरी बार जीत दर्ज की हैं यहा के लोगो का तह दिल से धसन्यवाद करता हूँ कि उन्होने कांग्रेस व शैली चौधरी का साथ दिया। यह जांच का विशय हैं। कांग्रेस क्या विकास कर पायेगी के सवाल पर रामकिषन गुर्जर ने कहा कि देखिये पहले भी हम विपक्ष में रहे थे अब भी विपक्ष की भूमिका निभाएगें और हरियाणा के लोगों की आवाज को उठाया हैं और पुरी मजबूती के साथ उठाते रहेगें। इसके लिये हम सरकार को मजबूर करने का काम करेगें।ताकि सरकार जन हित का काम करेगी ।

## सेवा समिति गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगण में नवरात्रि व दशहरे कार्यक्रम

अम्बाला छावनी, अक्तूबर : सेवा समिति गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रांगणमें नवरात्रि व दशहरे की उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की प्रधानाचार्या मंगला गुप्ता की अध्यक्षता में कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नवरात्रि स्पेशल नौ देवियों के स्वरूप को दिखाया गया वह डांडिया तथा गरबा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया ।विजयदशमी पर भगवान राम के लीलाओं पर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने बच्चों को नवरात्रि व दशहरे पर्व का महत्व बताते हुए कहा दशहरे का पर्व चाहे भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में दोनों ही रूपों में यह शक्ति पूजा का पर्व है इस दिन सभी लोग शस्त्र पूजा करते हैं ऐसा विश्वास है इस दिन जो कार्य आरंभ किया जाता है उसमें विजय मिलती है क्योंकि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है ।सभी अध्यापिकाओं व बच्चों को दशहरे वह नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।



श्री राम, सीता माता की वेशभूषा में सजे बच्चे।

## सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया दशहरा पर्व तथा दुर्गा पूजा



श्री राम, सीता, लक्ष्मण,हनुमान, माता दुर्गा आदि की वेशभूषा में सजे बच्चे साथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य।

अम्बाला छावनी, अक्तूबर : सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में असत्य पर सत्य की जीत दशहरा तथा दुर्गा पूजा बड़े हर्षोल्लास से मनाया । इस मौके पर विद्यालय में अनेक गतिविधियाँ करवाई गई जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा तथा ज्ञान को सबके सामने रखा। इस अवसर पर विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया । प्रतियोगिता में बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण,हनुमान, माता दुर्गा आदि की वेशभूषा धारण करके आए।साथ ही जहाँ किंडर गार्डन वर्ग के छात्रों ने चित्रकला की प्रस्तुति कर अपना हुनर दिखाया वही प्राइमरी वर्ग के छात्रों ने वेस्ट पेपर तथा आइसक्रीम स्टिक से रावण बनाए । सीनियर वर्ग के छात्रों ने पेपर कप से रावण बनाना, कलश बनाना, वेस्ट पेपर से डांडिया बनाना तथा मां दुर्गा का चित्र बनाना आदि अनेक गतिविधियों में भाग लिया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस.जी.पी.सी के सदस्य हरपाल सिंह पाली ,विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी के डायरेक्टर सरदार जगजीत सिंह जोश तथा उप-प्राचार्या मैडम रीटा शर्मा ने सभी शिक्षकगणों तथा विद्यार्थियों के सम्मुख रावण के पुतले का दहन कर बुराई की अच्छाई की जीत का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी के डायरेक्टर जगमीत सिंह जोश ने नन्हे- मुन्हें बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें इस त्योहार से संबंधित शिक्षा को अपने जीवन में उतारने की सलाह दी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं में ललिता चोपड़ा, दविंदर, दीपमाला, नसीमा, चंचल, वंदना कोहली, प्रिया, पूजा कपूर, रीतिका, मोनिका, भावना, खुशदीप, कन्नू, खुशबू आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सोहनलाल डी.ए.वी गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया ऋषि बोध उत्सव



मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करती प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा

अंबाला शहर, अक्तूबर : सोहनलाल डी. ए. वी. गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल अंबाला शहर में ऋषि बोध उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे.एस. नैन (रिटायर्ड प्रिंसिपल ऑफ डी.ए.वी कालेज एवं आर्य समाज के प्रधान) व अन्य अतिथि श्याम सुंदर (रिटायर्ड प्रिंसिपल ऑफ सरकारी स्कूल) डा. पूनम तलवार (प्रवक्ता ऑफ डी.ए.वी. कॉलेज) डा. हिमांशु (संस्कृत प्रवक्ता ऑफ डी.ए.वी. कॉलेज) व स्कूल की प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा व अन्य स्कूलों के अध्यापक-गण मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई व कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों व बच्चों द्वारा डी.ए.वी. गान का उच्चारण किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह ऋषि बोध उत्सव कार्यक्रम स्वामी दयानंद सरस्वती जी को श्रद्धांजलि देने के रूप में मनाया गया। इस उत्सव में आज पन्द्रह टीमों ने भाग लिया जिसमें डी.ए.वी. स्कूलों के साथ-साथ सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में छात्रों को भाषण-प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें छात्रों ने विभिन्न विभिन्न विषयों जैसे सेवा परमो धर्म, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, नारी अस्मिता, वेदों पर लौट चलो, व युग निमार्ता महर्षि दयानंद जी पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता के लिए तीन चरणों की श्रेणी रखी गई जिसमें सर्वप्रथम चुन-मुन वर्ग (कक्षा 3 से 5) दूसरी श्रेणी कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6 से 8) व तीसरी श्रेणी वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थी विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाद में मुख्य अतिथि जे.एस. नैन ने सभी के साथ अपने विचार सांझा किए और अंत में प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा द्वारा मुख्य अतिथियों व अन्य अतिथियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

## सशस्त्र सेनाओ मे भर्ती को लेकर जानकारी देने हेतु प्रेरक लैक्चर का किया गया आयोजन



एनसीसी कैडेट्स को जानकारी देते कर्नल परमिंदर सिंह

**अंबाला शहर :** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर में एनसीसी कैडेट्स को सशस्त्र सेनाओ में भर्ती को लेकर जानकारी देने हेतु प्रेरक लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर कर्नल परमिंदर सिंह कमांडिंग अधिकारी अंबाला कैंट मौजूद रहे। इस लैक्चर में राजकीय आईटीआई व डीएवी कॉलेज, एस.ए जैन अंबाला से एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने कैडेट्स को सशस्त्र सेनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर उसके भर्ती नियमों के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य डा.राजीव सपरा ने भी कैडेट्स को बहुमूल्य जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के एनसीसी अधिकारी कैप्टन जगजीत सिंह नारंग, कैप्टन विजेंद्र नरवाल, हवलदार जगदीश प्रसाद व बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद थे।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 122 वीं जयंती समारोह, जेपी सेनानी ने रखी अपनी बात

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित बेतिया स्थित गांधी बाजार में नगर निगम के सामुदायिक भवन में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 122 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वयोवृद्ध जेपी सेनानी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने की तथा संचालन प्रख्यात साहित्यकार व कवि अनील "अनल" ने किया। समारोह में चर्चा का विषय जेपी आंदोलन और उसकी सीख सबक रहा। कार्यक्रम की शुरूआत जेपी की तस्वीर पर जेपी सेनानियों पंकज,नंदलाल प्रसाद, शंभु ठाकुर उर्फ धवल, शेषनाथ प्रसाद, मोहन गुप्ता, चन्द्रमोहन पाठक आदि ने सामुहिक रुप से माल्यार्पित शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित आगंतुकों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में जेपी के व्यक्तित्व और कृतित्व के साथ-साथ समारोह में परिचर्चा के विषय "जेपी आंदोलन और उनके सीख/सबक पर वक्ताओं ने गहराई और गंभीरता से अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसी बीच जेपी सेनानी स्व. सत्यदेव प्रसाद अधिवक्ता की धर्मपत्नी चन्द्रलेखा देवी को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। जेपी सिर्फ 74 आंदोलन के जनक मात्र नहीं हैं इससे पूर्व भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महान योद्धाओं में शुमार रखने वाले शख्सियत रहे हैं। आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को सदा याद रखा जाएगा। अंग्रेजी हुकुमत की नींद उड़ाने वाले युवा जेपी के विद्यार्थी जीवन स्वदेश व विदेशों में अनेक रोचक और सीख भरे लम्हों से भरे पड़े हैं। जेपी एक असाधारण व्यक्तित्व के महा मानव थे। 74 का आंदोलन जो छात्र आंदोलन में बदला जिसे बिहार आंदोलन कहा गया जो बिहार से पुरे देश में फैला और तब की निरंकुश सत्ता को संविधान का राज स्थापित करने के लिए बाध्य किया। यह आंदोलन मात्र सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं था। तब के तमाम तरह के ज्वलंत सवालों महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जात-पात, धर्म-सम्प्रदाय, छुआछूत, उंच-नीच,तिलक-दहेज, मानवाधिकार हनन के खिलाफ को लेकर भी था। जेपी सरकारी दमन अत्याचार, भ्रष्टाचार, भेदभाव तथा सामाजिक-आर्थिक गैरबराबरी के खिलाफ रहे हैं चाहें वह आजादी के पूर्व ब्रिटिश सरकार हो या



आजादी के बाद कांग्रेसी सरकार हो। जेपी के आह्वान पर ही असंख्य युवाओं ने जाति सूचक निशानियों यथा दाढ़ी, टिक, जनेऊ के साथ नाम के साथ जाति सूचक उपाधियों का परित्याग किया तो अनगिनत लोगों ने बगैर तिलक दहेज की शादियाँ की वही हजारों युवाओं और युवतियों ने अंतजार्तीय-अंतर्धामिक विवाह किये। जेपी के विचार में जनता की सरकार हो। किसी खास दल या समूह का नहीं। तभी लोकतंत्र में जनता की सरकार होगी। जेपी की नजर में जनता सर्वोपरि है इसकी हीतों की रक्षा हर हाल में होनी



चाहिए। ऐसे संकल्प लेने और करने वालों को ही सत्ता सौंपनी चाहिए। सत्ता पर जनता का नियंत्रण बना रहना चाहिए। ऐसे-ऐसे विचार वक्ताओं ने व्यक्त किए आगे वक्ताओं ने वर्तमान परिस्थिति में जेपी आन्दोलन की सीख/सबक को टटोलने की भी कोशिश की। देश में फैली सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक, साम्प्रदायिक कुरीतियों का जवाब देने के लिए छात्रों और युवाओं को संगठित करने के लिए संकल्पित होने की जरूरत है। तभी हम, हमारा समाज, इंसानियत, हमारे रहन-सहन, रीति-रिवाज, देश, संविधान, सर्वधर्मसमभाव, समता के सिद्धांत बचेंगे। प्रमुख रुप से डा गोरख मस्ताना, प्रोफेसर जफर इमाम, डा कमरुज्जमा कमर, प्रोफेसर समशुल हक, अधिवक्ता साजिद शम्स, प्रभुराज नारायण राव, रामेश्वर प्रसाद, आलमगीर हुसैन, प्रकाश बागी, ठाकुर प्रसाद त्यागी,डा शिवजी प्रसाद, वृजकिशोर दूबे, नीरज बर्णवाल अपने-अपने विचार उपरोक्त संदर्भ में व्यक्त किए। मौके पर कबीर गांधी, अजय जी अधिवक्ता, शर्मा पटेल, सिकंदर भारती, डाक्टर अमानुल हक , संजय कुमार राव, मधुसूदन गुप्ता, आलोक कुमार कश्यप, अनील कुमार, भगवानपुर, संजीव कुमार ठाकुर, अनुष्का वगैरह शामिल रहे।

# महिलाओं को कानूनी जानकारी देने को विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन

## विभिन्न कानूनों एवं विभिन्न महिला रोग निदान के उपाय बताये

■ उरई



महिलाओं को कानूनी जानकारी देने हेतु आज विकास खण्ड माधौगढ़ के सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग के सौजन्य से राष्ट्रीय/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के निर्देशन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता करते हुये अपर जिला जज/सचिव राजीव सरन द्वारा महिलाओं को बताया कि वैवाहिक/दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटाये जाने के लिये आवेदन पत्रों को अंगीकृत करने का सरल तरीका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनाया जा रहा है। पति-पत्नी के मध्य मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी तक ले जाने से बचना चाहिये बल्कि मामूली विवाद या मतभेद को परस्पर मिल बैठकर निपटा लेना चाहिये। इनके अतिरिक्त महिलायें धारा-125 सी.आर.पी.सी., हिन्दू विवाह अधिनियम एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत गुजारे भत्ते की मांग कर सकती हैं और तलाकशुदा पत्नी को भी अपने पति की पैतृक सम्पत्ति से हिस्सेदारी व दूसरी शादी करने तक भरण - पोषण लेने का अधिकार प्राप्त है।

उपजिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल द्वारा राष्ट्रीय/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं की जानकारी देते हुये प्राधिकरण की संरचना, इसके उद्देश्य व कार्यों के विषय में उपस्थित महिलाओं को बताया गया। उन्होंने बताया कि पति और पिता की पुस्तैनी सम्पत्ति में उनको पूरा अधिकार प्राप्त है। शादी के बाद भी महिला को पिता की सम्पत्ति में कानूनी अधिकार प्राप्त है।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री अभिनव पाठक ग्राम विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इसी कार्यक्रम में रिसार्स पर्सन/सदस्य बाल कल्याण समिति गरिमा पाठक एवं ने कार्यस्थल पर छे?छा? अथवा यौन उत्पीड़न, महिलाओं के अधिकारी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। संविधान में महिलाओं के अधिकार, श्रमिक कानून, फैमिली लॉ इत्यादि विशयों की जानकारी महिलाओं एवं छात्राओं को दी गयी।

राष्ट्रीय महिला आयोग की रिसोर्स-पर्सन /सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती श्रीमती मीनू मिश्रा ने महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यों एवं इसकी भूमिका और संविधान में महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौगढ़ की डॉक्टर अनीता कुमारी द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण एवं उसके उपचार, महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार तथा पी0सी0- पी0एन0डी0टी0 एक्ट के विषय में बताते हुये कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर बल दिया गया।

इस कार्यक्रम में तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति भुवनेन्द्र कुमार द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। वहीं महिला कल्याण विभाग के सुरेश कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी महावीरशरण गुप्ता एवं मनोज कुमार गौतम सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) द्वारा अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं के विशय में जानकारी दी गयी।

इस शिविर में आंगनबाड़ी सुपरवाईजर सीमा सहाय, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के डी0ई0ओ0 दीपक नरायण, कनिष्ठ लिपिक शुभम शुक्ला पी0एल0वी0 टीम लीडर रणजीत सिंह, रामसिंह ,समेत तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से आयी आशा बहुये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सुपरवाईजर तथा दर्जनों छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# रामलीला रंगमंच पर हुआ बालि वध लीला का मंचन

■ कोंच



रामलीला के बालि वध प्रसंग से पूर्व सीता अन्वेषण को निकले राम ने अपनी परम भक्त भीलनी शबरी को दर्शन देकर उसे नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। शबरी के बताए अनुसार राम ने भाई के त्रास से छिपकर रह रहे सुग्रीव से मैत्री की और बालि का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया। परमात्म तत्व में विलीन होने जा रहे बालि की अंतिम इच्छा पूरी करते हुए राम ने उसके बेटे अंगद को किष्किंधा का युवराज भी बनाया।धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कोंच के 172 वें रामलीला महोत्सव में बुधवार की रात्रि रामलीला रंगमंच पर बालि वध लीला का मंचन किया गया। जिसमें भगवान राम ने भीलनी शबरी का न सिर्फ आतिथ्य स्वीकार किया बल्कि प्रेमातिरेक में शबरी द्वारा खिलाए गए जूठे बेरों को भी बहुत ही प्रेम पूर्वक ग्रहण किया और उसे नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। शबरी के सुझाव पर राम ऋष्यमूक पर्वत पर जाते हैं जहां उनका साक्षात्कार हनुमान से होता है और राम-सुग्रीव मैत्री के बाद राम सुग्रीव को दिए वचनानुसार बालि के ऊपर वृक्ष की ओट से वाण चला देते हैं, घायल पड़ा बालि अपने अहंकार में कहता है, बालि का विनाश नहीं यह वीरता का ह्रास है, विश्व में खलों के मान दर्प बढ जायेंगे। पूजा नित्य होगी शंख झालर बजेगी, मंदिरों में आपकी प्रतिमा पधराएंगे, किंतु हे नाथ कलंक के अंक सिर से न मिट पायेंगे..। इस प्रकार बालि राम के धाम को चला गया। प्रभु राम सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज घोषित कर देते हैं। मंचन के दौरान श्रृंगार और सिखावन गीतों प्रणय के देवता तुम पर है बलिहारी सदा तारा..., कोयल कूक रही मदमाती, कोयल..., समुझ मोरे सैंया, पैंयां पड़ूं कर जोर... ने रामलीला का आनंद और भी बढाया। बालि गिरधर सकेरे, सुग्रीव लकी दुवे, शबरी प्रमोद सोनी, तारा गौरीशंकर झा, हनुमान अभिषेक रिछारिया, कबंध जवाहर अग्रवाल, सखी का किरदार प्रशांत चौहान ने निभाए।

### रामलीला में आज

रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार पटेल छुन्ना धनौरा एवं अभिनय विभाग के मंत्री सुधीर सोनी ने बताया है कि कोंच रामलीला में 11 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि ठीक 9 बजे से अंगद-रावण संवाद लीला का मंचन रामलीला रंगमंच पर किया जाएगा।

# नवरात्रि के अवसर पर तीन दिनो तक भक्तों को नेंबू पानी पिला कर नंबर वन सक्सेस प्वाइंट कोचिंग क्लास ने की सेवा।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बेतिया।** जिला मुख्यालय बेतिया के दुर्गा मंदिर में नंबर वन सक्सेस प्वाइंट कोचिंग पिउनी बाग, बेतिया के द्वारा नवरात्रि के सप्तमी से नवमी तिथि लगातार तीन दिनों तक भक्तों के लिए शरबत यानी नींबू पानी और सादे शीतल जल की व्यवस्था किया गया। निःशुल्क शीतल जल के एक काउंटर और शरबत के एक अन्य काउंटर अहले सुबह से रात्रि तक चल रहे थे। प्रतिदिन इस बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मीठे शरबत का आनंद उठाया एवं नंबर वन सक्सेस प्वाइंट कोचिंग क्लास को इसके लिए बधाई और धन्यवाद भी दिया। जब यह सामाजिक कार्यक्रम शुरू किया गया तो चुकी शुरू किया था नंबर वन सक्सेस प्वाइंट कोचिंग ने लेकिन इसके साथ ही कई अन्य समाजसेवियों ने भी इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। कोचिंग के डायरेक्टर हेमंत सर और कोचिंग के सह डायरेक्टर रिपु मिश्रा ने इस कार्य के लिए सभी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने बताया हालांकि यह कार्य हमारे कोचिंग के द्वारा किया गया है लेकिन इस तरह का सेवा अन्य लोगों को भी करना चाहिए, ताकि मंदिर आने वाले हजारों-लाखों श्रद्धालुओं को समय अनुसार शीतल जल और शरबत मिल सके। इस कोचिंग के साथ नं०1 सक्सेस प्वाइंट आर्ट क्लासेस के गुरु पंकज सर और माननीय अधिवक्ता अभिजीत कुमार ने भी बखूबी साथ निभाया। इस मौके पर तमाम अन्य सामाजिक लोग भी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपनी सहभागिता दर्ज की। उपस्थित रहने वालों में हेमंत कुमार, रिपु कुमार मिश्रा, अभिजीत कुमार, रिंकू राव, रमेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, कुमार रंजन, सम्राट अशोक, रंजन कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह के साथ ही कई अन्य दर्जन लोग भी सम्मिलित रहे।

# बालिका विद्या मंदिर में हुआ गरवा महोत्सव का आयोजन

## एसडीएम सीओ ने भी खेला गरवा

■ कोंच



गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में नवदुर्गा पर्व पर गरवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने शानदार गरवा का प्रदर्शन किया। नौ देवियों की सुंदर झांकी का पूजन हुआ, साथ ही नृत्य नाटिका के माध्यम से काली प्राकट्य का रोमांचक प्रदर्शन की लोगों ने काफी सराहना की। ग्रुप डांस में आकांक्षा सिंह ने काली मां की भूमिका निभाई।

एसडीएम ज्योति सिंह व सीओ अर्चना सिंह के मुख्य आतिथ्य, बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संवर्द्धन संस्थान के प्रबंधक पीडी रिछारिया, विद्यालय की सह प्रबंधिका कृष्णा झा, मधु गुप्ता, संगीता संजय अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, शिखा दुवे, मधु गुप्ता, रोशनी सोनी, मालती मिश्रा, डॉ. सरिता वर्मा, प्रधानाचार्या आभा तिवारी, मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार, उपनिरीक्षक भीष्मपाल सिंह आदि के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा वैष्णवी, संस्कृति झा, शिवानी राठौर, सृष्टि, आराध्या, राधिका, भूमि, सुहानी सोनी, कशिश, शिवप्रिया तिवारी ने घूमर डांस, दीपिका, नियति, पलक, माही, प्रिंसी, सौम्या, परी, आयुषी ने मारो ढोलना गीत पर डांस, गणेश भजन पर वेदिका, राधिका, पलक, अनुष्का, आयुषी, शिवि, समृद्धि, कौशिकी सोनी, दीक्षा, अंशी तिवारी, गौरी, आर्ची छावला, प्राप्ति गर्ग, नाजिश, नैंसी सौनकिया, मुस्कान, अंशिका कुशवाहा, अंशिका अग्रवाल, खुशी,राधिका, शिवानी, काव्या, अंशिका, नव्या, रिया, माही, पलक, आराधना, शिवानी, गुनगुन, मानवी, हर्षिता अग्रवाल, राशि तिवारी आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। एसडीएम ने कहा, नौ देवियों का स्वरूप एवं गरवा हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं, इसे सहेजने की जरूरत है। सीओ ने कहा, नगर की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, बेटियों के पास असीम शक्ति है जिसे जरूरत के समय उपयोग करने की आवश्यकता है। संचालन आचार्य सुनील पाठक ने किया। इस दौरान नरेंद्र सिंह, आनंद भारद्वाज, मनोज दुवे, शैलेंद्र यादव, विवेक तिवारी, धीरेंद्र सिंह, अरविंद पटेरिया, अशोक शर्मा, कृष्णकुमार पांचाल, हरिकिशोर, अंजना, सरिता, चंदा, सरला मिश्रा, सरोज खरे, प्रभा गुप्ता, ज्योति छावला, आकांक्षा सिंह, शिवानी सिंह, रंजना तिवारी, श्रुति गुप्ता, दिव्या मिश्रा, पंकज वाजपेयी, पूजा राठौर, साधना चतुर्वेदी, अंकित कुमार, रवि कुमार, जितेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# जालौन की अंतिम शासिका महान वीरांगना ताईबाई की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की

■ जालौन-उरई

नगर के देवनगर चौराहा पर प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जालौन की अंतिम शासिका महान वीरांगना ताईबाई की प्रतिमा स्थापित कराने को लेकर जन संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।

जन संघर्ष मोर्चा के रमेशचंद्र गुप्ता, डॉ. रामकिशोर, निर्दोष कुमार चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, पवन कुमार आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि वर्ष 1804 में महाराजा बालाराव की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने जालौन राज्य को ईस्ट इंडिया कंपनी के राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी थी। लेकिन ताई बाई और जालौन राज्य की जनता ने इस विलय को स्वीकार नही किया। बिठूर के पेशवा नाना धुंधपन्त ने तात्या टोपे को भेजकर पेशबाई के अधिकार से पांच वर्षीय गोविंदराव को जालौन राज्य का राजा घोषित कर दिया और ताई बाई को उनका संरक्षक बनाकर शासन चालाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई। ताई बाई ने जालौन में स्वतंत्र क्रांतिकारी सरकार की घोषणा कर दी। ताई बाई ने तात्या तोपे को पेशवाई राज्य का सेनापति बनाया। ताई बाई ने आर्थिक और सैन्य मदद के साथ अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंक दिया।

इसे जालौन नगर की जनता ने सहर्ष स्वीकार किया। सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में नानाराव पेशवा के निर्देश पर जालौन की शासक ताई बाई युद्ध में कूद पड़ी। अंग्रेजों से पराजित होने पर अंग्रेजों ने ताई बाई को मुंगेर (बिहार) जेल में उनके पति के साथ साथ अधिकांश जीवित बचे साथियों को जीवन पर्यन्त कैद में रखा। जालौन राज्य के सात मंजिला भव्य किले कोतोपों से बिस्मार कर दिया गया।

जालौन नगर को तहस नहस कर किले को खोदकर सन 1881 में पीजे व्हाईट नामक अंग्रेज के नाम पर व्हाईटगंज बाजार बना दिया, जिसे अब बैठगंज कहते है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जिले की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताई बाई पर जालौन को हमेशा गर्व रहेगा।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि महान क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा नगर के देवनगर चौराहे पर स्थापित की जाए ताकि नगर की जनता उन्हें हमेशा याद रख सके।

# अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बक्से व अलमारी का ताला तोंड़कर लाखों का सामान किया पार

**जालौन-उरई।** देर रात तक जागने के बाद घर में परिवार के सदस्य सो गए। रात में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बक्से व अलमारी का ताला तोंड़कर लाखों का सामान पार किया। पीड़ित गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी लालसिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात घर के पास ही नवरात्र में अचरी गायन का प्रोग्राम चल रहा था। जिसमें परिवार के सदस्य भी अचरी सुनने के लिए चले गए थे। रात करीब दो बजे परिवार के सदस्य अचरी गायन से वापस घर आ गए और सोने के लिए चले गए। रात दो बजे जब वह लोग घर पर पहुंचे तो सब ठीक था। लेकिन रात में किसी समय छत के सहारे अज्ञात चोर घर में घुस गए। देर रात तक जागने और गहरी नींद में होने के चलते किसी को आहट नहीं मिली। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे बृजबाला, मंगलसूत्र, कमरपेटी, नथ, 16 जोड़ी बिछिया, हाथ के दो कड़े समेत 20 हजार रुपये नकद और अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह जब वह जागे तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। लोगों से पूछतांछ के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित गृहस्वामी ने पुलिस से चोरी गए सामान को बरामद कराने की गुहार लगाई है। चोरी की सूचना पर हल्का इंचार्ज निसार अहमद ने मौके का मुआयना किया और चोरी की जानकारी ली है। कोतवाली वीरेंद्र पटेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। शीघ्र ही चोरों को पकड़कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।



गुरुवार को मुंबई में एनसीपीए लॉन में टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन और उद्योगपति पद्म विभूषण रतन नवल टाटा को अंतिम सम्मान देते हुए शिवसेना अध्यक्ष उद्धव बालासाहेब ठाकरे और युवा सेना प्रमुख शिवसेना नेता विधायक आदित्य ठाकरे।

# रतन टाटा के निधन पर फिल्मी सितारों ने दी श्रद्धांजलि

○ मुंबई,

**प्रसिद्ध** उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा के निधन पर फिल्मी सितारों ने उन्हें श्रदांजलि दी है।

भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। रतन टाटा के निधन की खबर आने के बाद से देश में शोक की लहर है। सोशल मीडिया पर लोग रतन टाटा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के सितारों ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी है। संजय दत्त ने एक्स पर पोस्ट कर रतन टाटा के निधन पर दुख जताया।उन्होंने लिखा, भारत ने आज एक सच्चा दूरदर्शी खो दिया है। सलमान खान ने अपनी पोस्ट में लिखा है, मिस्टर रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख हुआ। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, अपनी दयालुता से आपने लाखों लोगों के जीवन को छुआ। आपके नेतृत्व और उदारता की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। अजय देवगन ने एक्स पर लिखा, रतन टाटा के निधन के बारे में सुनकर दिल टूट गया. दयालुता, नवीनता और नेतृत्व की उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी. रेस्ट इन पीस, एक सच्चे लीजेंड. ॐ शांति। सुष्मिता सेन अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा है कि क्या शानदार इंसान थे. आर आई पी सर। करण जौहर ने लिखा, भगवान आपकी आत्मा को शांति दे, पूरी दुनिया आपका विजन और आपकी विरासत को आप मिस करेगी।

## रतन के बाद कौन संभालेगा टाटा की विरासत

नई दिल्ली: टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में बुधवार रात करीब 11:30 बजे निधन हो गया। रतन टाटा की विदाई के बाद सवाल उठता है कि अब टाटा ग्रुप की विरासत कौन संभालेगा। सवाल इसलिए भी, क्योंकि रतन टाटा ने अपना उत्तराधिकारी नियुक्त नहीं किया था। अभी समूह की सबसे बड़ी कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन हैं, लेकिन इससे भी ऊपर टाटा ट्रस्ट है, जिसकी कमान टाटा परिवार के सदस्य ही संभालते रहे हैं। रतन टाटा के छोटे भाई जिमी टाटा मुंबई में ही रहते हैं, लेकिन वे 90 के दशक में रिटायरमेंट ले चुके हैं। हालांकि वे टाटा संस की कंपनियों में शेयर रखते हैं। उन्होंने भी रतन की तरह शादी नहीं की थी और रिटायरमेंट के बाद वे 2 बेडरूम वाले फ्लैट में रहते हैं। जिमी टाटा पिछले 25 साल से ज्यादा समय से सक्रिय कारोबार से दूरी बनाए हुए हैं। टाटा के नए कारोबार से भी वे जुड़े हुए नहीं हैं। ऐसे में उन्हें टाटा ट्रस्ट की कमान सौंपे जाने के आसार कम ही हैं। रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अपने पारिवारिक संबंधों और ग्रुप की कई कंपनियों में भागीदारी के कारण टाटा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत दावेदार है।

## सार संक्षेप

### 70 वर्ष की हुईं बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा



**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गयी। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली। रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म 'रंगुला रतनम' से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म 'गोदाली सी.आई.डी 999' से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा.राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुयी। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'सावन भादो' से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभायी।

### अगले वर्ष पटना में होगा दलित महाकुंभ

**पटना:** बिहार की नीतीश सरकार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को कहा कि अगले वर्ष 14 अप्रैल को राजधानी पटना में 'दलित महाकुंभ' का आयोजन होगा। चौधरी ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 अप्रैल 2025 को प्रदेश के सभी दलित भाईयों ने 'दलित महाकुम्भ' कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसका आयोजन राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान या फिर पटना के वेटरनरी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को लेकर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्री ने कहा कि 26 नवम्बर 2023 को हमलोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर भीम संसद का आयोजन किया था। भीम संसद कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा हो रहा है। बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल, 2025 के दिन पूरे बिहार के सभी दलित भाईयों ने 'दलित महाकुम्भ' कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

### उपराज्यपाल ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए अधिकारियों की सराहना की

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शांतिपूर्ण, पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों, पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के प्रयासों की गुरुवार को सराहना की।
तीन चरणों में हुए चुनाव एक अक्टूबर को संपन्न हुए और नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित किए गए। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पांडुरंग के. पोल ने सिन्हा को विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के नामों वाली अधिसूचना सौंपी। पोल के साथ भारत के चुनाव आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार शर्मा, विशेष सचिव मंजूर अहमद भट और मुख्य चुनाव कार्यालय, जम्मू-कश्मीर में संयुक्त सीईओ अनिल सालगोत्रा भी थे।

# भारत-आसियान संबंध महत्वपूर्ण: मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-इक्कीसवीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है

○ वियेनतिएन,

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को एशियायी सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत-आसियान संबंध एशिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मोदी ने यहां भारत आसियान शिखर-सम्मेलन में अपने संबोधन में आसियान एकता, आसियान केंद्रीयता और हिन्द प्रशांत पर आसियान आउटलुक के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। इक्कीसवीं सदी को एशियाई सदी कहते हुए उन्होंने कहा कि भारत-आसियान संबंध एशिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत की एक्ट ईस्ट नीति की जीवंतता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। आसियान आज भारत के सबसे बड़े व्यापार और निवेश भागीदारों में से एक है। सात आसियान देशों के साथ सीधी उड़ान कनेक्टिविटी स्थापित हो चुकी है। क्षेत्र के साथ फिन-टेक सहयोग से की गई आशाजनक शुरुआत हुई है और पांच आसियान देशों में साझा सांस्कृतिक विरासत की बहाली में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। प्रधानमंत्री ने आसियान-भारत समुदाय के लाभ के लिए अधिक आर्थिक क्षमता का दोहन करने की दिशा में आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय में आसियान युवाओं को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के माध्यम से भारत -आसियान ज्ञान साझेदारी में प्रगति के बारे में भी बात की। आसियान की थीम कनेक्टिविटी और लचीलेपन में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने 10-सूत्रीय योजना की घोषणा की। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाना जिसके लिए भारत संयुक्त गतिविधियों के लिए पांच मिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराएगा, युवा शिखर सम्मेलन, स्टार्ट-अप फेस्टिवल, हैकथॉन, संगीत समारोह, आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क और दिल्ली डायलॉग सहित कई जन केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का जश्न मनाना आसियान-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास कोष के तहत आसियान-भारत महिला वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन करना; नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्तियों की संख्या दोगुनी करना और भारत में कृषि विश्वविद्यालयों में आसियान छात्रों के लिए नयी छात्रवृत्तियों का प्रावधान करना वर्ष 2025 तक आसियान-भारत माल व्यापार समझौते की समीक्षा आपदा लचीलेपन को बढ़ाना है।



# पिछली सरकार के एमओयू नहीं उतरे धरातल पर: भजनलाल

○ जयपुर,

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य में विपुल प्राकृतिक संसाधन की उपलब्धता के चलते निवेश की अपार संभावनाएं बताते हुए कहा है कि इसके बावजूद पिछली सरकार के एमओयू धरातल पर नहीं उतरे लेकिन हमने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट करने का निर्णय लिया है जिससे प्रदेश उद्योगों के क्षेत्र में अग्रणी बन सके।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान के संबंध में आर्थिक क्षेत्र के प्रबुद्धजनों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से राजस्थान में उद्योगों को एक नई दिशा मिलेगी तथा सभी के सहयोग से इस समिट को सफल बनाते हुए राज्य में निवेश का सकारात्मक माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीए सीएस सहित अन्य प्रोफेशनल्स राज्य की बड़ी ताकत हैं। इन प्रोफेशनल्स की विश्वसनीयता रहती है तथा ये सरकार एवं उद्यमियों के हित में काम करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि प्रोफेशनल्स राज्य को निवेश का हब बनाने तथा अधिक से अधिक निवेश लाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। शर्मा ने कहा कि राजस्थान के सीए और सीएस अपनी काबिलियत के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थानी जहां भी रहते हैं, खुशहाली लाते हैं, आगे बढ़ते हैं और सभी को आगे बढ़ाते हैं। राजस्थानी प्रत्येक जगह पर अपनी कर्मठता से पहचान बनाते हैं। शर्मा ने बिजली, पानी तथा आधारभूत संरचना का योजनाबद्ध तरीके से विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसके लिए राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं, जो हमारे दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी असीमित संभावनाएं हैं।



## पटाखों में विस्फोट से छह लोग घायल

**होशियारपुर:** पंजाब में होशियारपुर के प्रह्लाद नगर में गुरुवार को सुबह पटाखों से भरा एक थैला दुर्घटनावश फट जाने से भगवान हनुमान के जुलूस में शामिल छह सदस्य घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार को छुट्टी दे दी गयी। दो व्यक्तियों, सरथ और प्रदीप कुमार को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। होशियारपुर के सिटी पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे दशहरा उत्सव के लिये भगवान हनुमान की शोभायात्रा के दौरान हुई। जुलूस के कुछ सदस्य उत्सव के हिस्से के रूप में पटाखे फोड़ रहे थे।

## रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते रो पड़े पीयूष

**मुंबई:** केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर मुंबई से लोकसभा सांसद पीयूष गोयल गुरुवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते समय रो पड़े। टाटा का बुधवार देर रात यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। गोयल टाटा के साथ बिताये अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गये और कहा कि उनका आम से लेकर खास लोगों के प्रति प्यार और समर्पण ने उन्हें हजारों लोगों के दिलों का मसीहा बना दिया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुझे याद है कि जब वह एक बार मुंबई में नाश्ते के लिए हमारे घर आये थे, तो हमने केवल साधारण इडली, सांभर, डोसा परोसा था, लेकिन उन्होंने बहुत सराहना की। मेरा मतलब है, उनके पास दुनिया के सबसे बेहतरीन रसोइये होंगे, लेकिन उन्होंने उस साधारण नाश्ते की बहुत सराहना की।

## ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी, दो की मौत

**दमोह:** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में एक ट्रक ने सामने से आ रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार नौ लोगों में से दो की मौत हो गई। बटियागढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम हुए इस हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। बटियागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नेहा गोस्वामी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चैनपुरा के पास दमोह से जा रहे एक ट्रक और बटियागढ़ से आ रहे ऑटो में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। ऑटो में सवार पुष्पेंद्र तिवारी एवं देवकी पत्नी दयाराम कुशवाहा निवासी बक्सवाहा की मौत हो गई।



गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की।

# 'हरियाणा विस चुनाव परिणाम उम्मीद से विपरीत'

## 300-400 पार की बात करने वाले 'बैसाखियों' पर हैं : सचिन पायलट

○ अजमेर,

**कांग्रेस** महासचिव सचिन पायलट ने हरियाणा चुनाव परिणाम को उम्मीद से बिल्कुल विपरीत परिणाम बताते हुए कहा है कि कुछ उम्मीदवार असंतुष्ट हैं, इसलिये निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अपनी बात कही गयी है।

राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री पायलट ने गुरुवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गिनती के शुरुआती रुझान और रुझानों के एकदम बदलाव से उम्मीदवार संतुष्ट नहीं है। यहां के परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं आये हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम पर बोले कि इण्डिया गठबंधन को दिया वोट बेकार नहीं जायेगा, वहां की जनता ने गठबंधन को वोट देकर समझदारी का काम किया है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि वहां गठबंधन सरकार बनने जा रही है। पायलट ने ..इण्डिया गठबंधन.. को राष्ट्रीय गठबंधन बताते हुये उसे मजबूत और एकजुट बताया। उन्होंने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि 300-400 पार की बात करने वाले ..बैसाखियों.. पर है। भाजपा ने देश में 10 साल राज किया लेकिन हरियाणा परिणामों से स्पष्ट है कि वहां कांग्रेस को वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और अब झारखंड चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गयी है। पायलट ने राज्य की भजनलाल सरकार में आपसी खींचतान का आरोप लगाते हुये इसे असफल करार दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सबकुछ चरमराया हुआ है। राज्य में अफसरशाही हावी है और मुख्यमंत्री को काम करने की छूट नहीं है। सत्ता -संगठन में भी तालमेल नहीं होने से असमंजस पूर्ण वातावरण बना हुआ है। पूर्वी कांग्रेस सरकार के विकास के काम भी रोक दिये गये हैं।



# शीतकाल के लिए बंद हुए श्री हेमकुंड साहिब के कपाट



ऋषिकेश

**उत्तराखंड** राज्य के चमोली जिले में स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुण्ट साहिब जी के कपाट गुरुवार को शीतकालीन सत्र के लिए अरदास करके बंद कर दिए गए। यात्रा समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रातःकाल से ही संगतों का आना शुरू हो गया था। इस समारोह में लगभग 2800 श्रृद्धालुओं ने गुरु दरबार में हाजिरी भरी व गुरु महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मध्यम बारिश से मौसम में ठंडक एवं धुंध होने के बावजूद भी संगतों ने सरोवर के पवित्र अमृत रूपी शीतल जल में स्नान करके पुण्य का लाभ उठाया।

गुरुवार की प्रातः 9:15 पर सुखमनी साहिब जी के पाठ की आरंभता ज्ञानी कुलवंत सिंह व ज्ञानी हमीर सिंह ने की तथा समाप्ति प्रातः10:45 पर की गई। रागी जत्था भाई अजीत सिंह व साथी (देहरादून वाले) तथा भाई सुरिंदर पाल सिंह व साथी (पुणे वाले) द्वारा सुनाए गए गुरबाणी कीर्तन से गुरु दरबार में उपस्थित संगतें मंत्रमुग्ध हो उठीं। मुख्य ग्रंथी भाई मिलाप सिंह द्वारा यात्रा समाप्ति की अरदास के साथ ही श्री हेमकुण्ट साहिब यात्रा का सुखद समापन हुआ। अरदास के बाद संगतों द्वारा "जो बोले सो निहाल" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। गढ़वाल स्काउट एवं पंजाब बैंड ग्रुप के सदस्यों ने वाद्य यंत्रों पर धुनें सजाकर माहौल को और भी खुशनुमा बनाया। बारिश के बीच पुष्प वर्षा करते हुए पंज प्यारों की अगुवाई में गुरु साहिब जी के स्वरूप सुखासन स्थान पर श्रद्धा सहित नतमस्तक होकर सुशोभित कर दिए गए। प्रतिवर्ष की तरह भारतीय सेना के 418 इंडीपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर दल के सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की, जिनमें हवलदार हरसेवक सिंह, हवलदार गुरप्रीत सिंह व अन्य जवान शामिल रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन ने सेना के जवानों द्वारा निभाई गई विशेष सेवा के लिए सभी को सिरोपा भेंट किया। इनके अलावा गोबिन्द धाम (घांघरिया) के एसओ अमनदीप सिंह एवं गोबिन्द घाट के एसओ विनोद रावत की ओर से प्रदान किए गए सहयोग की भी सराहना करते हुए ट्रस्ट द्वारा उन्हें धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटा. गुरमीत सिंह जिन्होंने एक दिन पूर्व 09 अक्टूबर को गुरु महाराज के दरबार में हाजिर भरी, इस अविस्मरणीय अवसर पर गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष, नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा ने यात्रा की सफलतापूर्वक संपन्नता हेतु कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।



गुरुवार को गुवाहाटी के एक पंडाल में देवी दुर्गा की सप्तमी पूजा करते भक्त।

संपादकीय

# नशे के सौदागर

**देश** में ड्रग्स लगातार पकड़ी जा रही है। दिल्ली के रमेश नगर से पुलिस ने 2000 करोड़ की कोकीन की है। ड्रग्स लाने वाला शख्स लंदन भाग गया। सवाल है कि वह भाग कैसे गया? इससे पहले पंजाब में एक बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का खुलासा हुआ था। 5600 करोड़ की ड्रग्स सिंडिकेट मामले में करीब 10 करोड़ की कोकीन पंजाब से बरामद की गई थी। दिल्ली में 2 अक्टूबर को ड्रग्स की एक बहुत बड़ी खेप बरामद की गई थी। करीब 500 किलो से ज्यादा का कोकीन बरामद की गई थी। पंजाब जैसे प्रदेश नशे की गिरफ्त में हैं। खासतौर से युवा इसके आदी हो चुके हैं। सरकारें ड्रग्स तो पकड़ती हैं, लेकिन उसके सिंडीकेट को नहीं तोड़ पातीं। जाहिर है, नशे के सौदागरों के साथ ऐसे मिले हुए हो सकते हैं, जिनका संपर्क राजनेताओं से होता होगा। गुजरात में अक्सर करोड़ों रुपये की ड्रग पकड़ी जाती है। इसी साल फरवरी महीने में गुजरात एटीएस और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त अभियान में 3300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की थी। मार्च 2024 में पोरबंदर की समुद्री सीमा से 6 पाकिस्तानी पकड़े गए, आरोपियों के पास से 480 करोड़ रुपये का ड्रग्स बरामद किया गया। अप्रैल महीने के अंत में फिर गुजरात तट से आतंकवाद विरोधी दस्ते और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने संयुक्त ऑपरेशन के जरिए 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की की थी। इसकी बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपये आंकी गई थी। सवाल है कि गुजरात में ये ड्रग्स कौन भेजता है? सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी के बाद भी इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स क्यों गुजरात में आती है? गुजरात में ड्रग्स का सिलसिला सालों पुराना है। सितंबर 2021 में राजस्व खुफिया निदेशालय एक केंद्रीय एजेंसी ने मुंद्रा बंदरगाह पर दो कंटेनरों से लगभग 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी। जिसके बारे में माना जाता है कि यह अफगानिस्तान में उत्पन्न हुई थी और वैश्विक बाजारों में इसकी कीमत लगभग 21,000 करोड़ रुपये थी। दरअसल, गुजरात के समुद्री तटों पर ड्रग्स मुख्य रूप से पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान से आती है। गुजरात के बाद दिल्ली में बड़ी मात्रा में ड्रग्स का पकड़ा जाना गंभीर मामला है। ऐसा लगता है जैसे ड्रग्स के सौदागर देश के कोने-कोने में फैले हुए हैं। जरूरत इस बात की है कि सरकारें इस ओर गंभीरता के साथ काम करें। नशे की गिरफ्त में जाती युवा पीढ़ी को बचाना जरूरी है। सवाल यह है कि ड्रग्स तो पकड़ी जाती है, लेकिन उसको लाने वाले और रिसीव करने वाले क्यों नहीं पकड़े जाते?

**गुजरात के बाद देश की राजधानी दिल्ली में बड़ी मात्रा में ड्रग्स का पकड़ा जाना गंभीर मामला है। ऐसा लगता है जैसे ड्रग्स के सौदागर देश के कोने-कोने में फैले हुए हैं।**

पाठकवाणी

## समाज के लिए घातक है लिव-इन-रिलेशनशिप

**पश्चिमी** देशों की तर्ज पर अब भारतीय युवाओं में भी लिव-इन-रिलेशनशिप का क्रेज बढ़ रहा है। एक सर्वे के मुताबिक हर दूसरा भारतीय युवा विवाह से पहले लिव-इन-रिलेशनशिप में रहना चाहता है। लड़के-लड़कियों को एक-दूसरे को देखने और बात करने का अवसर रहता है, उसके बाद ही विवाह होता है तो फिर साथ रहने की क्या आवश्यकता है। फिर इसकी क्या गारंटी है कि साथ रहने के बाद धोखा नहीं मिलेगा? आजकल वैध विवाह के बाद भी कई लड़कियां दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा आदि का शिकार हो जाती हैं। विभिन्न कानूनों के बाद भी लोगों में भय नहीं है। ऐसे नैतिक पतन के वातावरण में लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने वाली लड़की के साथ क्या नहीं हो सकता है? इनमें से अक्सर लड़कियां धोखा ही खाती हैं। यदि इस रिलेशनशिप ने प्रथा का रूप ले लिया तो यह हमारे समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। इस आचरण से निपटने के लिए कोई कानून भी नहीं है। कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनमें साथ-साथ रहने के कारण लड़कियां गर्भवती हो जाती हैं फिर उनको भगा दिया जाता है। समाज उसको अपनाता नहीं है, कलंक की शिकार हो जाती हैं। उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इस पर ठोक कानून बनाने की आवश्यकता है, नहीं तो भविष्य में लिव-इन-रिलेशनशिप से कई विकट समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**-संदीप कुमार, मधुपुर** (झारखंड)

कुछ खास



भारतीय जनता पार्टी वाले चाहते हैं मुख्यमंत्री तो बन नहीं पाए, किसी तरह मुख्यमंत्री आवास पर ही कब्जा कर लें। अगर जरूरत पड़ेगी तो हम सड़क पर बैठकर भी दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगे। सारे बंगले भाजपा को मुबारक। हम दिल्ली वालों के दिल में रहते हैं।

**-आतिशी**, दिल्ली की मुख्यमंत्री

आज का ट्वीट



''हमने केंद्रीय चुनाव आयोग से मांग रखी है कि जिन सीटों पर ईवीएम को लेकर शिकायत आई है, उन मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए सील किया जाए।''

**-पवन खेड़ा**

साइबरवर्ल्ड

## हरियाण में क्यों भारी पड़ी भाजपा?

**हरियाणा** के चुनाव परिणामों ने हर व्यक्ति को हैरान कर दिया है। विश्लेषक तो खैर हैरान हैं ही, खुद भाजपा के लोग भी नहीं सोच रहे थे कि उनकी बहुमत से सरकार बन जाएगी, क्योंकि 2014 में मोदी के पूरी मेजोरिटी के आने के बाद भी भाजपा को यहां 33 प्रतिशत लगभग वोट मिले और 47 सीट पर उन्हें विजय मिली। 2019 में फिर से मोदी मेजोरिटी से आए और पुलवामा का राष्ट्रवाद सर चढ़ कर नाच रहा था। केंद्र के चुनाव के दो माह बाद हुए चुना० में भाजपा के पास 36 प्रतिशत वोट के साथ 40 सीट आईं। जिस जाट, नॉन जाट के मुद्दे कोआज बड़ा भूत कहा जाता है, वह 2019 में इससे कहीं अधिक बड़ा था। 2019 में कांग्रेस के पास 28 प्रतिशत वोट के साथ 31 सीट थीं। 2019 में जाटों का वोट जजपा को गया और उन्हें 14 प्रतिशत वोट के साथ 10 सीट मिलीं। 2024 में कांग्रेस का वोट 28 प्रतिशत से बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया जो सब को उम्मीद थी, लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत 36 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया ये, किसी को उम्मीद नहीं थी। 2024 में कांग्रेस के पास 11 परसेंट वोट बढ़कर सिर्फ 5 सीट में बढ़ोतरी हुई है, जबकि बीजेपी को सिर्फ 4 प्रतिशत वोट बढाकर मिले और 8 सीटें बढ़कर मिलीं। मुद्दा सिर्फ ये है कि भाजपा को बढ़कर मिले वोट के बारे में सब और विश्लेषण हो रहा है। विश्लेषण यह भी हो रहा है कि भाजपा जिस प्रकार अपने कांटे चुनाव के दौरान निकाल देती है, वे इस बार भी निकाले और जहां-जहां जैसा-जैसा नेरेटिव खड़ा करना चाहती है, वैसा-वैसा नेरेटिव खड़ा करने में कामयाब होती है। जैसे विनेश फोगट लगभग हारती हुई जीती हैं। भाजपा जिन्हें अपने रास्ते से हटाना चाहती है, उनका हिसाब चुनाव में कर देती है। जैसे नारनौंद में पिछली बार कैप्टन अभिमन्यु रामकुमार गौतम से हारे। इस बार राम कुमार गौतम भी भाजपा में आ गए। यानी जाट वोट भी थे, कैप्टन का खुद का भी असर था और रामकुमार गौतम के वोट भी थे। और भाजपा का वोट भी था फिर भी कैप्टन हार गए। 39 प्रतिशत वाली कांग्रेस का माहौल यदि सब और दिखता था तो 40 प्रतिशत वाली भाजपा का माहौल परिदृश्य से नदारद क्यों था? चुनाव का बूथ लेवल पर निरीक्षण करके और बेहतर तथ्य सामने आएंगे।

**-वीरेंद्र भाटिया** की फेसबुक वॉल से

# न्यायधीशों की संख्या बढ़ना जरूरी



**शाहीन सबा**

**भा**रत में तो क्या ठीक तरह से तो गरीब को न्याय कहीं भी नहीं मिल पाता। फिर भी भारत की स्थिति ज्यादा खराब है। यहां की जेलों में 70 प्रतिशत लोग वे हैं, जिन पर अभी मुकदमा चलना बाकी है। साधारणतया इनमें से अधिकतर को बेल मिल जानी चाहिए, पर पैसा ना होने के कारण या तो जमानत की अर्जी ही नहीं कर पाते और या मिल जाती है तो पैसा नहीं भर पाते। यहां कई बार लोग इतने दिन बिना जुर्म साबित हुए जेल में बिता देते हैं जितने दिन की उस जुर्म के साबित होने पर सजा भी नहीं मिल सकती।

चाहे विजय माल्या हो या नीरव मोदी, पैसे के बल पर हजारों करोड़ का घपला करके भी बचे हुए हैं, पर गरीब किसान 10, 15, 20, 25 हजार के ऋण के लिए आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाता है। क्या यह भी एक प्रकार का अन्याय नहीं है! फिल्मों को देखकर न्यायव्यवस्था को श्रेष्ठ समझने की भूल न करें। एक बार किसी न्यायालय में घूमकर कुछ दिन तय करें, तब पता चल जाएगा। छोटे कर्मचारी खुलेआम घूस लेते हैं। बिना घूस कोई काम नही करते। वास्तविकता ये है कि ज्यूडिशरी ही एकमात्र ऐसा निकाय बचा है जिसमें 70 सालों में कोई भी प्रभावी सुधार नहीं हुआ है। ये निकाय परिवर्तन से बचा हुआ है। ईमानदारी की रोशनी कोर्ट की अंधेरी कालकोठरी में पहुंच ही नहीं पा रही है! कुछ दिन पहले मैंने एक प्रश्न का उत्तर दिया जिसमे पूछा गया था, क्या पैसा ही सब कुछ है? जिसका उत्तर मैने दिया था, जी हां आज के समय में पैसा ही सब कुछ है। अगर आपके पास पैसा नहीं है तो अपने भी आपका साथ छोड़ देंगे। आज के दौर में पैसों से बढ़कर कुछ भी नहीं है। चोरी, डकैती, राहजनी, बेईमानी, धोखा सब किसके लिए करता सिर्फ पैसों के लिए करता है। आज हम भी आठ घंटे काम करते हैं, सर्दी गर्मी नहीं देखते हैं। किसके लिए करते हैं? सब पैसों के लिए करते हैं।



**समस्या न्याय की नहीं, न्यायधीशों की कमी की है, जिस की ओर सरकार उदासीन है। जनता भी बात-बात पर कोर्ट की तरफ भागती है। यहां तक कि सरकार भी बात-बात में कोर्ट की तरफ ही भागती है। 50 प्रतिशत केस में तो सरकार ही शिकायत कर्ता यानी वादी है।**

कहने का आशय सिर्फ इतना है जब हर छोटी सी छोटी चीज को पाने के लिए हमें पैसों की जरूरत होती है तो भाई न्याय तो बहुत बड़ी चीज है, वह आपको मुफ्त में कहां मिलने वाला है? वकील, जज और डॉक्टरों के पास हाड़ मांस वाला दिल नहीं होता है, उनके पास पाषाण युग वाला मजबूत पत्थर होता है। ये लोग अपने क्लाइंट्स में सिर्फ पैसा देखते हैं। इनके लिए सिर्फ पैसा ही सब कुछ है। इनकी नजर में इंसान की कोई कीमत नहीं है। जब आप कोर्ट में तारीख लेने जाते हैं तो वहां भी आपको मुंशी को 20, 50, 100 रुपए देने पड़ते हैं, तब आपको अगली तारीख मिलती है। अब सोचिए न्याय कैसे मिलता है?

स्वतंत्रता के पहले से लेकर अबतक हमारे देश में यही हाल है और आगे भी रहेगा। देश की जनता अफसर नेता सब एक जैसे ही हैं। यहां गरीब की सुन ने वाला कोई नहीं है। गरीबों के लिए कहीं भी न्याय नहीं होता। नियम कानून को मानने के लिए भी गरीब आम आदमी ही मजबूर होता है। पैसे वालों को कोई कानून नहीं चलता। पुलिस से लेकर वकील और जज तक सब पैसे वाले लोगों का ही साथ देते हैं और गरीब के साथ कोई कितना भी धक्का करले उसकी सुन ने वाला कोई नहीं। ये स्थिति कोई 5-10 साल से नहीं बल्कि कई दशक से है। और इसको बदलने वाला कोई नहीं है। इसलिये गरीबों के लिए इंसाफ की उम्मीद करना या उनकी हहाकार को कोई सुनेगा, इसकी उम्मीद करना बेमानी ही है। आप इंसाफ सिर्फ दो ही तरीके से ले सकते हो या तो आपके पास पैसा हो या फिर जालिम को खुद कानून हाथों में लेकर सबक सिखाने की हिम्मत हो। ये कड़वा है मगर सत्य है।

व्यवस्था को नए परिप्रेक्ष्य में गढ़ने की जरूरत है। देश में कुछ कानून भारतीय जनता के अनुरूप नहीं हैं। माननीय न्यायालय न्याय करने में असमर्थ दिखाई देते हैं। अत्यधिक देरी से किया गया फैसला न्याय कम अन्याय ज्यादा लगता है। न्यायालयों के चक्कर में पड़कर लोग अपना सुख चैन खो देते हैं। न्यायालय में बैठे काला चोलाधारी शीघ्र फैसला करवाने के बजाय मामले को लंबा खींचने का हर हथकंडा अपनाते हैं। आज हालत ये है कि आम आदमी कोर्ट का नाम सुनकर ही डर जाता है। सच तो ये है कि कोर्ट कचहरी में भी अराजक तत्वों का बोलबाला है, जिन्हें भारत के कानून खिलौने जैसे लगते हैं। अब वक़्त आ गया है कि देश अपने कानूनों को नये सिरे से गढ़े और दिशाहीन देश विरोधी कानूनों की जगह देश हित में नये कानून बनाए।

यहां अभी भी पंच को परमेश्वर माना जाता है। जब भी दो व्यक्ति झगड़ते हैं तो एक कहता है कि में तुझे कोर्ट में देख लूंगा। तो दूसरा कहता है चल देख लेना। में जीतूंगा। ये सब क्या है? यही न कि दोनों को न्याय व्यवस्था पर विश्वास है। तभी तो भारत की अदालत में केस बढ़ते जा रहे है। यह सही है कि न्याय मिलने में समय लगता है। पैसे वालों की सुनवाई पहले होती है। यह समस्या व्यवस्था की है। न्यायधीशों की कमी की है। यानी यह सरकार की विफलता है जो न्यायधीशों के पद उचित मात्रा में नहीं बना रही है। अगर पद उचित मात्रा में होंगे तो न्यायधीश भी कार्य के बोझ तले तारीख नहीं देंगे। पैसे वाले लोग अपने प्रभाव से पहले न्याय के लिए सुनवाई की मांग नही करेंगे। न्यायधीश जब कुर्सी पर बैठता है तो उसे पता होता है कि लोग उस में भगवान का रूप देख कर न्याय की उम्मीद रखते हैं, वह उस उम्मीद नहीं टूटे, यही सोच रखते हैं। इसलिए कभी-कभी मानवीय रूप भी अपना लेते हैं। लोगों को शिकायत हो सकती है कि आतंकवादी के लिए कोर्ट रात को भी सुनवाई कर लेता है। क्यों? क्योंकि न्यायधीश को पता है कि एक फांसी पर चढ़ने वाले कि याचिका नहीं सुनी गई तो यह गलत न हो जाए कि एक निर्दोष फांसी पर चढ़ गया। इसलिए वह यह दिखाता है कि मैंने न्याय के लिए देखें रात को भी सुनवाई की। अगर न्यायधीश भी आम आदमी की तरह भीड़ का हिस्सा बन गए तो न्याय कैसे कर पाएंगे। बाकी पहले सुनवाई की बात तो हम भी तो अपने चहेते रिश्तेदार डॉक्टर के पास लाइन तोड़ कर पहले दिखाने जाते हैं। क्या डॉक्टर कहता है कि लाइन से आओ।

समस्या न्याय की नहीं, समस्या न्यायधीशों की कमी की है। जिस की ओर सरकार उदासीन है। जनता भी बात-बात पर कोर्ट की तरफ भागती है। यहां तक कि सरकार भी बात-बात में कोर्ट की तरफ ही भागती है। 50 प्रतिशत केस में तो सरकार ही शिकायत कर्ता यानी वादी है। आपने मुंशी प्रेम चंद की पंच परमेश्वर कहानी सुनी होगी जिसमें अगलु और जुम्मन दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही अगलु और फिर जुम्मन पंच की कुर्सी पर बैठते हैं, वे न्याय करने में अपने दोस्त की दोस्ती की परवाह न करके उचित फैसला देते हैं। यह तो मानवीय स्वभाव है कि हम फैसलों को अपने हित में आने पर जज को अच्छा और विपक्ष में आने पर जज को बुरा कह देते हैं, जबकि जज तो वही है। फिर कैसे वह हमारा दोस्त और दुश्मन होकर फैसला दे सकता है। वह अपने विवेक से फैसला देता है। पंच परमेश्वर की कहानी की तरह।

अमृतवाणी

## विश्वास की शक्ति

**रात** के ढाई बजे थे। एक सेठ को नींद नहीं आरही थी। वह घर में चक्कर पर चक्कर लगाये जा रहा था पर चैन नहीं पड़ रहा था। आखिर थक कर वह घर से नीचे उतर आया। अपनी कार निकाली और शहर की सड़कों पर निकल गया। रास्ते में एक मंदिर दिखा तो सोचा थोड़ी देर इस मंदिर में जाकर भगवान के पास बैठता हूँ। प्रार्थना करता हूं तो शायद मन को शांति मिल जाये। वह सेठ मंदिर के अंदर गया तो देखा, एक दूसरा आदमी पहले से ही भगवान की मूर्ति के सामने बैठ था। उसका चेहरा उदास था परंतु आंखों में करूणा और आस दिख रही थी। सेठ ने पूछा-'क्यों भाई इतनी रात को मन्दिर में क्या कर रहे हो?' आदमी ने कहा- 'मेरी पत्नी अस्पताल में है, सुबह यदि उसका ऑपरेशन नहीं हुआ तो वह मर जायेगी और मेरे पास ऑपरेशन के लिए पैसे नहीं हैं'। उसकी बात सुनकर सेठ ने, जेब में जितने रूपए थे वह उस आदमी को दे दिए। अब गरीब आदमी के चहरे पर चमक आ गई थी। सेठ ने अपना कार्ड उस आदमी को देते हुए कहा- इसमें मेरा फोन नबर और पता भी है। अगर और पैसों की जरूरत हो तो निःसंकोच बताना। उस गरीब आदमी ने कार्ड सेठ को वापिस देते हुए कहा- 'मेरे पास उसका पता है' इस पते की मुझे जरूरत नहीं है सेठजी। आश्चर्य से सेठ ने कहा-'किसका पता है भाई'? उस गरीब आदमी ने कहा-'जिसने रात को ढाई बजे आपको यहां भेजा उसका'। उस गरीब आदमी का परमात्मा पर इतना दृढ़ विश्वास था कि रात को ढाई बजे भी उसकी आवश्यकता अनुसार पैसे स्वयं उस तक पहुंच गए। परमात्मा जो हमारे पालनहार हैं। हमें भी उन पर इतना अटूट विश्वास रखना चाहिए।



तीखी नजर

## राजनीति पक्षियों का ठौर-ठिकाना



प्रदीप उपाध्याय

**को**ई एक जगह टिककर रहना ही नहीं चाहता। शायद अपनी स्थिति से संतुष्ट न रह पाने की वजह से या फिर नए अवसर की तलाश में या फिर वर्तमान जगह पर धूमिल होते अवसर पंख दे देते हों और इसीलिए आज यहां तो कल वहां उड़ता रहता है, घूमता रहता है, चलायमान रहता है, लेकिन चैन तो तब भी नहीं पाता है। जब चलते चलते बहुत दूर तलक निकल जाते हैं और यहां-वहां के ठौर-ठिकानो से जी उबने लगता है तब समझ में आता है कि किराए का घर तो किराए का होता है, वह अपना कब हो पाता है। वैसे भी किराए के घर में कभी अपनेपन का भाव आ भी नहीं पाता है, ऐसे में ही फिर घर की याद सताने लगती है। हां यह बात अलग है कि किराए के घर और उसके घरवालों पर ही कब्जा कर लो तब क्या अपना और क्या पराया!

फिर भी तसल्ली के लिए, सुख के लिए, चैन पाने के लिए अपने घर की राह पर कदम उठ ही जाते हैं। मन भी तो बेचैन रहता है। तब वह सोचता भी है कि-'मेरो मन अनत कहां सुख पावे, जैसे उड़ जहाज को पंछी पुनि-पुनि जहाज पे आवे।' प्रवासी पक्षी भी तो भोजन,प्रजनन और अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। प्रवासी पक्षी, सितारों, सूरज, और पृथ्वी के चुंबकत्व का इस्तेमाल करके अपना रास्ता खोजते हैं और जहां उद्देश्य पूरा हुआ कि हमेशा की तरह अपने घर वापस उसी जगह लौट आते हैं जहां वे पैदा हुए थे। प्रवासी पक्षियों के प्रवास का नियंत्रण, उसका समय, और प्रतिक्रिया आनुवंशिक रूप से नियंत्रित होता है। किन्तु फिर भी कुछ पक्षी नई जगह अपना बसेरा बना ही लेते हैं जब वहां का वातावरण उनके अनुकूल लगने लगता है।

जब पक्षी मौसम के बदलते ही उड़ान भरना शुरू करते हैं तो चुनावी मौसम में राजनीति के पक्षी क्यों न उड़ान भरें। वे तो यहां-वहां जाने के लिए आतुर रहते हैं। जहां मिलने की उम्मीद है, वहां झट से पहुंच जाते हैं। एक घंटा पहले, जिसके गुणगान करते घूम रहे थे, अगले घंटे दूसरे के घोसले में जा पहुंचते हैं। उनके चूजों की भी तो कुछ चाहत रहती ही है और फिर राजनीति के पक्षी भी तो भोजन-प्रसाद की खातिर यहां वहां का घंटा बजा लेते हैं। ऊंची मीनार पर बैठकर आवाज बुलंद करने निकल पड़ते हैं ताकि उनकी आवाज उस ऊपर वाले तक पहुंच सके, जहां से टिकट निकलते हैं। ये पक्षी अपने घरोंदों में तभी तक टिके रहते हैं जब-तक दाना-पानी में कोई कोर-कसर नहीं रहती। जहां कोर-कसर पड़ी नहीं कि प्रवासी पक्षी की तरह निकल पड़ते हैं इधर-उधर को। प्रवासी पक्षी अपने रास्ते खोजने के लिए निर्धारित तरीके ही उपयोग में लाते हैं जबकि राजनीति के पक्षी सिर्फ और सिर्फ अवसरों के आधार पर ही अपने रास्ते खोज लेते हैं। कब प्रवास करना है,कब उड़ान भरना है और कब सुरक्षित लौट आना है ।सीधी सी बात है कि कब घर में आना और कब घर से निकल जाना, इनसे सीखा जा सकता है ।

नजरिया

# चुनाव नतीजों से निकले संदेश क्या कहते हैं?



**रोहित माहेश्वरी**

**ह**रियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने वो कर दिखाया जो पिछले छह दशकों में कोई दूसरा दल कर नहीं सका। हरियाणा के इतिहास में पहली बार किसी राजनीतिक दल ने जीत की हैट्रिक लगाई है। इस जनादेश ने एग्जिट पोल के तमाम आकलन और अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। कांग्रेस का 'किसान, जवान, पहलवान और संविधान' वाला नेरेटिव भी खोखला और छद्म साबित हुआ। दरअसल कोई भी सर्वेक्षण हरियाणा के भीतरी यथार्थ को पढ़ नहीं पाया, लिहाजा अनुमान भी गलत साबित हुए। एक टीवी चैनल ने हरियाणा के 100 स्थानीय पत्रकारों के आकलन भी आमंत्रित किए थे। उनका औसत निष्कर्ष था कि भाजपा ज्यादा से ज्यादा 18-20 सीटें जीत सकती है और कांग्रेस का बहुमत 60-65 सीट तक उछल सकता है। मतगणना शुरू हुई, तो भाजपा और कांग्रेस की सीटों का अंतर क्रमशः 18-20 और 58-60 का था। ये मतगणना के रुझान थे कि कौन सी पार्टी, कितनी आगे है।

यह जनादेश जातीय नहीं रहा, हालांकि इस हकीकत से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। यह जनादेश जाट बनाम गैर-जाट का भी नहीं रहा, क्योंकि सोनीपत, झज्जर, रोहतक के एक हिस्से, भिवानी, हिसार, महेंद्रगढ़ आदि जाटलैंड में भाजपा ने जीत हासिल कर कांग्रेस की रणनीति को ध्वस्त किया है। भाजपा ने कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, गुरुग्राम, फरीदाबाद और अहीरवाल के अपने बुनियादी गढ़ में भी शानदार जीत हासिल की है, जबकि तमाम एग्जिट पोल और चुनावी पंडित भाजपा को बुरी तरह पराजित बता रहे थे। जाट वोट कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौटाला परिवार के इनेलो के बीच बंट गए, जबकि जेजेपी का वोट भाजपा के पक्ष में आया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के कारण ओबीसी वोट भाजपा को मिले।

**राजनीतिक दल चुनाव परिणामों ने सभी दलों को संदेश दे दिया है कि जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। कार्यकर्ताओं को घर-घर तक पार्टी के विजन को पहुंचाने की जरूरत है। नेताओं को गैरजिम्मेदाराना बयानों से बचने की जरूरत है।**

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारी कर ली थी। यही वजह थी कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने करीब-करीब दो पारियों में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटाकर उनकी जगह नायब सिंह सैनी की ताजपोशी कर दी थी। मकसद यही था कि लगातार दो दशक तक सत्ता में रहने के चलते उपजे सत्ता विरोधी रुझान को टाला जा सके। कमोबेश यह कोशिश रंग लायी। सैनी की सहजता-सरलता और उनका ओबीसी वर्ग से होने का लाभ गैर जाट समुदायों की एकजुटता के रूप में भी मिला। इसके विपरीत कांग्रेस में भूपेंद्र हुड्डा जैसा दिग्गज नेता तो था,लेकिन भाजपा के मुकाबले का सांगठनिक ढांचा नहीं था। वहीं दूसरी ओर पार्टी संगठन में मतभेद व मनभेद भी गाहे-बगाहे उजागर होते रहे। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के सुर भी उभरे। टिकट बंटवारे में केंद्रीय नेतृत्व, हुड्डा गुट व शैलजा गुट की प्राथमिकताओं ने कई तरह की विसंगतियां पैदा की। आप से सीटों के बंटवारे पर सहमति न बन पाने की वजह से आप को तो लाभ नहीं हुआ, लेकिन कांग्रेस के मतों का कुछ विभाजन जरूर हुआ। इस चुनाव में हरियाणा में नई संभावना के रूप में देखी जा रही जेजेपी व बसपा तथा चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का हश्र भी सामने आया। जाहिर है इनका प्रभाव भी कांग्रेस के दलित जनाधार पर जरूर हुआ।



इनेलो व निर्दलीयों को कुछ सीटें जरूर मिली, लेकिन वे भाजपा को अपने बूते सरकार बनाने के मार्ग में बाधा नहीं बन सकी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत का एक निष्कर्ष यह भी है कि कुशल चुनाव प्रबंधन के जरिये राष्ट्रीय पार्टियां कारगर रणनीति बनाकर कैसे खुद को स्थानीय राजनीतिक माहौल के अनुरूप ढाल सकती हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी खूबसूरती के साथ फिर मजबूत हुआ है। अनुच्छेद 370 खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए चुनाव में नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को सरकार बनाने का मौका मिला है। भाजपा के लिए यह उत्साह की बात है कि उसके द्वारा राज्य में हासिल मत प्रतिशत सर्वाधिक है।

इस जनादेश का श्रेय भाजपा के काडर, नेताओं और अंततः प्रधानमंत्री को है, जिनके नेतृत्व में ऐसी रणनीति बनाई गई कि कांग्रेस के सपने ही धराशायी हो गए। बहरहाल आज जम्मू-कश्मीर का जनादेश भी घोषित किया गया है। वहां भाजपा सत्ता तक नहीं पहुंच सकती थी, फिर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हरियाणा में भाजपा को सत्ता तो मिल गई है, लेकिन अब उसे अपने वादे भी निभाने होंगे। महंगाई और बेरोजगारी पर काफी कुछ किया जाना शेष है। भाजपा को विकास पर फोकस करना होगा। हरियाणा को पर्याप्त केंद्रीय मदद भी मिलनी चाहिए। इस जनादेश के बाद कांग्रेस को भी सोचना चाहिए कि उसके हाथों में आते आते जीत कैसे फिसल गई। कहां कमी रह गई। और जनता ने उसे उतना समर्थन और प्यार क्यों नहीं दिया। वहीं एक बात यह भी है कि मतदान के बाद हरियाणा में एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही थी परन्तु परिणाम आने के बाद वहां भाजपा बहुमत में आई। लोगों में अब एग्जिट पोल की विश्वसनीयता घट जाएगी। इसका असर यह होगा कि आगामी चुनावों में लोग एग्जिट पोल पर विश्वास करना बंद कर देंगे।

राजनीतिक दल हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने सभी दलों को साफ संदेश दे दिया है कि उनको जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। कार्यकर्ताओं को घर-घर तक पार्टी के विजन को पहुंचाने की जरूरत है। नेताओं को गैरजिम्मेदाराना बयानों से बचने की जरूरत है तथा वातानुकूलित कमरों में बैठकर रणनीति बनाने के बजाय बूथ मैनेजमेंट के साथ धरातल पर रणनीति बनानी चाहिए।

## सार संक्षेप

### बीसीसीआई ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मुंबई** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रतन टाटा की फोटो साझा करते हुए लिखा कि बीसीसीआई रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है और पूरे देश के साथ शोक व्यक्त करता है। विभिन्न क्षेत्रों में उनके अमूल्य योगदान ने भारत के विकास और सफलता की कहानी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पोस्ट में कहा गया। जुनून, सहानुभूति, दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार और उत्कृष्टता के सिद्धांतों पर आधारित उनकी असाधारण विरासत आने वाले वर्षों में भावी पीढ़ियों को प्रेरित और मार्गदर्शन करती रहेगी। उल्लेखनीय है कि रतन टाटा का बुधवार रात यहां एक अस्पताल में निधन हो गया।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत पाए गए

**ग्लाइफाडा** : इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### देशवाल पीकेएल सीजन के लिए जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त

**जयपुर** : जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा कि मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 अक्टूबर को गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ होगा।

### भारत महिला ब्लाइंड फुटबॉल विश्व चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली** : भारतीय ब्लाइंड फुटबॉल महासंघ (आईबीएफएफ) ने गुरुवार को कहा कि केरल में कोच्चि के कक्कनाड में यूनाइटेड स्पोर्ट्स सेंटर में अगले वर्ष दो से 12 अक्टूबर 2025 में होने वाली महिला ब्लाइंड फुटबॉल विश्व चैंपिनशिप की मेजबानी भारत करेगा। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आईबीएफएफ ने यह घोषणा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय टीम के मार्गदर्शक नरेश सिंह नयाल ने कहा कि अगले वर्ष होने वाले इस टूर्नामेंट के साथ-साथ आईबीएसए पुरुष राष्ट्र कप और आईबीएसए पुरुष एशियाई-ओशिनिया चैंपियनशिप डिवीजन 2 की भी भारत मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में जापान, भारत, जर्मनी, इंग्लैंड, अर्जेंटीना, स्वीडन, मोरक्को और ऑस्ट्रिया टीम हिस्सा लेंगी। भारतीय दृष्टिहीन फुटबॉल टीम के निदेशक और कोच सुनील जे. मैथ्यू ने कहा कि यदि सरकार और कॉर्पोरेट जगत समर्थन करते हैं तो भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। हमारा मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 में होने वाले पैरालिंपिक खेलों में जगह बनाना है।

### भारतीय खेल जगत ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली** : भारतीय खेल जगत ने देश के सबसे सम्मानित उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन पर दुख व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग ने अपनी श्रद्धांजलि में रतन टाटा के प्रति गहरा सम्मान और आदर व्यक्त किया। उन्होंने टाटा की दयालुता, बुद्धिमत्ता और ईमानदारी पर प्रकाश डाला। नारंग ने केवल वित्तीय सफलता से परे देखने के लिए रतन टाटा की प्रशंसा की। उन्होंने परोपकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न क्षेत्रों के लिए समर्थन के माध्यम से सामाजिक बेहतरी के लिए उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए कहा कि रतन टाटा ने मुनाफे से परे, लोगों और भारत के भविष्य में निवेश किया। रतन टाटा 1991 से 2012 तक टाटा संस और टाटा समूह के अध्यक्ष रहे एवं टेटली, जगुआर लैंड रोवर और कोरस जैसे महत्वपूर्ण अधिग्रहणों के माध्यम से भारतीय समूह को वैश्विक मंच पर विस्तारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीटी उषा के खिलाफ आएगा अविश्वास प्रस्ताव

○ नई दिल्ली,

**पीटी** उषा के खिलाफ आ सकता है अविश्वास प्रस्ताव भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनने के दो साल से भी कम समय के बाद, प्रसिद्ध एथलीट पीटी उषा को 25 अक्टूबर को इसकी विशेष आम बैठक के दौरान अविश्वास मत का सामना करना पड़ सकता है।



रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यकारी परिषद द्वारा बैठक के एजेंडा मुद्दों के बिंदु संख्या 26 के अनुसार, आईओए, कथित संवैधानिक उल्लंघनों और भारतीय खेलों के लिए संभावित रूप से हानिकारक कार्यों के मद्देनजर प्रेसिडेंट के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और विचार करेगा। पीटी उषा का आईओए के कार्यकारी परिषद के सदस्यों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है और दोनों तरफ से आरोप लग रहे हैं। आईओए की प्रमुख बनने वाली पहली महिला पीटी उषा ने कथित तौर पर पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए कई कार्यकारी परिषद सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दूसरी ओर, उनके विरोधियों ने पीटी उषा पर ज्यादती का आरोप लगाया है। पेरिस ओलंपिक में आतिथ्य लाउंज के लिए रिलायंस के साथ अनुबंध के संबंध में भारत के नियंत्रक एंव महालेखा परीक्षक ने भी उनसे पूछताछ की है। वहीं भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने ट्रेजरर सहदेव यादव के उस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने सीएजी यानी भारत के नियंत्रक एवं महालेख परीक्षक की रिपोर्ट में इस बात को लेकर कहा है कि रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के साथ गलत समझौते की वजह से इंडियन ओलंपिक संघ को 24 करोड़ रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा है। सहदेव यादव के इस दावे को लेकर अब आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने बातचीत में बताया कि ये सब उन्हें बदनाम करने की साजिश है ताकि उनकी प्रतिष्ठा को खराब किया जा सके। इसको लेकर पीटी उषा ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि आखिर सहदेव यादव ऐसा क्यों कर रहे हैं। वह सीएजी की जांच के दायरे में है और जानबूझकर मुझपर आरोप लगा रहे हैं। पीटी उषा ने बातचीत में इस पूरे मुद्दे को लेकर कहा कि आईओए के अध्यक्ष के रूप में संगठन के संविधान के अनुसार ही मैंने अब तक सारे फैसले लिए हैं। मैंने इस दौरान किसी भी तरह का कोई गलत कदम नहीं उठाया है। मुझे इस बारे में बिल्कुल भी नहीं पता कि मेरे संगठन का हिस्सा ये लोग मेरे खिलाफ एजेंडा क्यों चला रहे हैं। मेरा इसमें किसी भी तरह से कोई निजी हित नहीं छुपा हुआ है। मैंने संगठन से संबंधित किसी भी तरह का फैसला लेने से पहले आईओए के सभी सदस्यों से उसमें सलाह ली है। आईओए के साथ एक अगस्त 2022 को आरआईएल के साथ हुई स्पॉन्सरशिप डील के अनुसार एशियन गेम्स (2022, 2026), कॉमनवेल्थ गेम्स (2022, 2026) 2024 पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में आधिकारिक रूप से आईओए के साथ प्रमुख साझेदार की बनने की मंजूरी दिए जाने के साथ उन्हें इन खेलों के दौरान इंडिया हाउस का निर्माण करने की भी जिम्मेदारी मिली थी।

# नवंबर में टेनिस को अलविदा कहेंगे नडाल

## 22 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन हैं स्पेनिश खिलाड़ी, कहा- अगले महीने डेविस कप में आखिरी बार खेलेंगे



**नडाल सबसे ज्यादा 14 बार फ्रेंच ओपन का टाइटल जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी**

**फ्रेंच ओपन में 18 बार हिस्सा लेते हुए 112 मैच जीते, सिर्फ 4 हारे**



**नई दिल्ली,** : दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने टेनिस से रियाटरमेंट का ऐलान कर दिया है। नवंबर में होने वाला डेविस कप फाइनल नडाल के करियर का आखिरी इवेंट होगा। उन्होंने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को यह जानकारी दी।

38 साल के स्पेनिश स्टार पिछले कुछ वर्षों से चोट की समस्या से जूझ रहे थे। 22 ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल की गिनती दुनिया के अब तक महानतम टेनिस खिलाड़ियों में होती है। मेंस खिलाड़ियों में उनसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब खिलाड़ी सिर्फ नोवाक जोकोविच जीत सके हैं। जोकोविच के नाम 24 टाइटल हैं। नडाल सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी नडाल मेंस सिगल्स में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। नडाल ने 22 खिताब जीते हैं। सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं, जिन्होंने अब तक 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। 4 साल पहले ही स्विट्जरलैंड के महान टेनिस प्लेयर रोजर फेडरर ने संन्यास लिया था। अब नडाल ने भी खेल को अलविदा कह दिया है। फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते थे। 'लाल बजरी का बादशाह' के नाम से मशहूर नडाल सबसे ज्यादा 14 बार फ्रेंच ओपन का टाइटल जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी हैं। इसलिए नडाल को लाल बजरी का बादशाह कहा जाता है। फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट यानी लाल बजरी से बने कोर्ट पर खेला जाता है। फ्रेंच ओपन में 18 बार हिस्सा लेते हुए 112 मैच जीते, सिर्फ 4 हारे लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने साल 2022 में 14वीं बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। जब नडाल ने 2022 में 36 साल की उम्र में ट्रॉफी जीती तो वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बने थे। नडाल ने फ्रेंच ओपन में 19 बार हिस्सा लेते हुए 112 मैच जीते हैं और उन्हें सिर्फ 4 बार हार का सामना करना पड़ा है जो किसी भी एक ग्रैंडस्लैम में महिला और पुरुष वर्ग में वर्ल्ड रिकॉर्ड है। नडाल ने गोल्डन स्लैम भी जीता है। वे गोल्डन स्लैम जीतने वाले दुनिया के 3 पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। नडाल ने गोल्डन स्लैम 2008 में बीजिंग ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर पूरा किया था। गोल्डन स्लैम का मतलब होता है कि चारों ग्रैंड स्लैम और ओलंपिक गोल्ड जीतने वाला खिलाड़ी। यानी वो खिलाड़ी जो ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विम्बलडन, यूएस ओपन के साथ ओलंपिक चैंपियन भी बना है।

# सहारनपुर के विजय-आकिब रणजी टीम में

सहारनपुर

**जिले** के दो क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन यूपी की रणजी ट्रॉफी टीम के लिए हुआ है। बंदाहेड़ी गांव के विजय कुमार और संसारपुर के आकिब खान को उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल किए जाने पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीयों,खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार करते हुए दोनो प्लेयर को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

गुरुवार को एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि हमारे चेयरमैन मोहम्मद अकरम के प्रयास से जनपद के क्रिकेट खिलाड़ी लगातार सफलता और उपलब्धियां हासिल कर सहारनपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में संसारपुर गांव के आकिब खान और बंदाहेड़ी गांव के विजय कुमार को उत्तर प्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। विजय कुमार के पिता पुलिस में है और आकिब के पिता की गांव में परचून की दुकान है। राजीव गुप्ता ने बताया कि हाल में हुई यूपी टी20 लीग में सहारनपुर के विजय कुमार ने 145 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की थी।



विजय कुमार



आकिब खान

उन्होंने बताया कि ग्यारह अक्टूबर से लखनऊ के ईकाना स्टेडियम में यूपी की रणजी ट्रॉफी टीम चार दिवसीय क्रिकेट मैच खेलेगी। इस उपलब्धि पर एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण कालरा,संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, एपेक्स सदस्य साजिद उमर, सत्यम शर्मा, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, संयुक्त सचिव महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, जीआईएस सचिव रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू,विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, विनय कुमार, अर्जुन चौहान, भावना तोमर, तनवीर, संजय विश्वकर्मा, शोएब, सचिन सैनी, पीयूष,राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष, मिरदुल गर्ग, ललित व प्रिंस आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# गुजरात टाइटंस ने बीजीएमआई के साथ ई-स्पोटर्स में रखा कदम

○ अहमदाबाद,

**गुजरात** टाइटन्स 'बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया-टाइटन्स राइजिंग' के साथ ई-स्पोर्ट्स की दुनिया में कदम रखने वाली पहली आईपीएल टीम बन गई है। गुरुवार से शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट में 22 लाख रुपये के पुरस्कार है।

10 अक्टूबर से शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट निश्चित रूप से ई-स्पोर्ट्स के शौकीनों के लिए शानदार मनोरंजन प्रदान करेगा। ओलंपिक और एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स का शामिल होना एक गेम-चेंजर रहा है। इस मान्यता ने ई-स्पोर्ट्स को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में वैधता प्रदान की है। बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया-टाइटन्स राइजिंग टूर्नामेंट में कई एलिमिनेशन चरण हैं जो ग्रैंड फिनाले तक ले जाते हैं। 10 से 15 अक्टूबर तक चरण 01 में पांच ऑफलाइन ओपन क्वालीफायर के साथ रोमांचक प्रतिस्पर्धी शुरू होती है। ये क्वालीफायर सभी के लिए खुले हैं ताकि प्रतियोगी बीजीएमआई टीमों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, 10 हजार से अधिक गेमर्स वाली 2,048 टीमें पहले ही टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण करा चुकी हैं। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कि आईओसी द्वारा 2025 में ओलंपिक ई-स्पोर्ट्स आयोजित करने और 2022 से एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स को पदक कार्यक्रम के रूप में शामिल करने के साथ इसने व्यापक अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। टाइटन्स राइजिंग के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को जोड़ना और अपने ब्रांड की उपस्थिति को व्यापक बनाना है। यह टूर्नामेंट महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए पेशेवरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के अवसर पैदा करेगा।

# मुल्तान टेस्ट में इंग्लैंड जीत के करीब

## पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 6 विकेट खोए, हैरी ब्रूक ने सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ा

○ मुल्तान,

**पाकिस्तान** के खिलाफ इंग्लैंड की टीम मुल्तान टेस्ट में जीत के करीब पहुंच गई है। गुरुवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी 823/7 के स्कोर पर डिक्लेयर की। टीम को 267 रन की बढ़त मिली। जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 152 रन पर 6 विकेट खो दिए हैं।

इंग्लिश टीम ने चौथे दिन की शुरूआत 492/3 के स्कोर से की थी। इससे पहले, पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 556 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पाकिस्तान की ओर से दूसरी पारी में आगा सलमान 41 और आमिर जमाल 27 रन बनाकर नाबाद लौटे। साउद शकील 29, सईम अयूब 25, शान मसूद 11 और मोहम्मद रिजवान 10 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में अब तक गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स 2-2 विकेट लिए हैं। जैक लीच और क्रिस वोक्स को 1-1 विकेट मिला। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में क्रिस वोक्स 17 और ब्रायडन कार्स 2 रन पर नाबाद लौटे। हैरी ब्रूक ने 317 रन की पारी खेली। उन्होंने मुल्तान में वीरेंद्र सहवाग के 20 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। सहवाग ने 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ 309 रन की पारी खेली थी। तब सहवाग को 'मुल्तान का सुल्तान' टैग दिया गया था। ब्रूक के अलावा, जो रूट 262 रन बनाकर आउट हुए। बेन डकेट ने 84 और जैक क्रॉले ने 78 रन बनाए।




जो रूट 262 रन बनाकर आउट, 454 रन की साझेदारी टूटी जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच 454 रन की साझेदारी हुई। आगा सलमान ने रूट को छइह करते हुए यह साझेदारी ब्रेक की। रूट 4 रन पर ओली पॉप के आउट होने के बाद खेलने उतरे थे।

तीसरे दिन इंग्लैंड का स्कोर 500 के करीब एक दिन पहले बुधवार को इंग्लैंड की टीम 500 के करीब पहुंच गई थी। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने तीन विकेट पर 492 रन बना लिए थे। जो रूट और हैरी ब्रूक नाबाद रहे। रूट 176 रन बनाकर दोहरे शतक के करीब हैं। जबकि हैरी ब्रुक ने 141 रन बना लिया है। दोनों के बीच नाबाद 243 रन पार्टनरशिप हो चुकी है। बेन डकेट (84 रन) को आमिर जमाल ने छइह आउट किया। रूट टेस्ट में इंग्लैंड के टॉप स्कोरर बन गए हैं। रूट ने अपने ही देश के पूर्व ओपनर एलिस्टर कुक (12472 रन) को पीछे छोड़ा। वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं।

# आचार्य तीरंदाजी खेल अकादमी का उद्घाटन




**ग्रेटर नोएडा** : गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के किरणय भारत एकेडमी में आचार्य वेद कुमार के द्वारा एलिट लेवल की तीरंदाजी अकादमी का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के महासचिव अजय गुप्ता के करकमलों द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ उद्घाटन किया गया। उन्होने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है यह अकादमी उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे भारत के खिलाड़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान श्री अनुज शर्मा जी सचिव मेरठ तीरंदाजी, श्री पुष्कर प्रताप सिंह अध्यक्ष जीबी नगर, सत्यदेव प्रसाद ओलंपियन, ध्यानचंद अवार्डी, योगेन्द्र सिंह राणा संयुक्त सचिव उप्र तीरंदाजी संघ, अंकित संचालक किरने भारत बैडमिंटन अकादमी आदि उपस्थित रहे। मैं आप सभी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया में 1 टेस्ट मिस कर सकते हैं रोहित

**मुंबई,** : भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में 1 टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने बीसीसीआई को इन्फॉर्म किया है कि निजी कारणों के चलते उनका शुरूआती 2 में से किसी एक टेस्ट में खेलना मुश्किल है। अगर सीरीज शुरू होने से पहले निजी मामला सुलझ गया तो वह सभी मुकाबले खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच 5 टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर सीरीज 22 नवंबर से शुरू होनी है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाना है। भारत ने विराट और रहाणे की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया में पिछली 2 टेस्ट सीरीज जीती थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK